

पेज -4 पर

अग्निशमन दल ने निरीक्षण कर दी एजेंसी चालकों को परिचालन की जानकारी

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



पेज -6 पर

राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन अंतर्गत कुल 7 लाख 22 हजार से अधिक लोगों का किया गया परीक्षण

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 111 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शुक्रवार 23 फरवरी 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


# पूर्व राज्यपाल के ठिकानों पर पड़ा सीबीआई का छापा

नई दिल्ली। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक (Satya Pal Malik) के परिसरों समेत 30 से अधिक जगहों पर छापेमारी की है. बताया जा रहा है कि ये कार्रवाई उनके दिल्ली स्थित घर पर की जा रही है.

दरअसल, CBI ने हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट मामले में यह छापा मारा है. बीमा घोटाले में CBI सत्यपाल मलिक के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है. बीमा घोटाले के मामले में CBI मलिक और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापा मार चुकी है.






बता दें कि 2019 में किश्तवाड़ में किरू हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के लिए 2,200 करोड़ के सिविल काम का ठेका देने में कथित भ्रष्टाचार हुआ था. सत्यपाल मलिक, जो 23 अगस्त, 2018 से 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे थे. मलिक का आरोप था कि उन्हें परियोजना से संबंधित दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ की रिश्वत की पेशकश की गई थी.

वहीं इस कार्रवाई को लेकर सत्यपाल मलिक ने 𝕏 पर पोस्ट कर लिखा है कि पिछले 3-4 दिनों से मैं बिमार हूं और हस्पताल में भर्ती हूं. इसके वावजूद मेरे मकान में तानाशाह कर सरकारी एजेंसियों से छापे डलवाएं जा रहे हैं. मेरे ड्राईवर, मेरे साहयक के ऊपर भी छापे मारकर उनको बेवजह परेशान किया जा रहा है. मैं किसान का बेटा हूं, इन छापों से घबराऊंगा नहीं. मैं किसानों के साथ हूं.

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ राज्य पुलिस सेवा के सात अधिकारी को आईपीएस अवार्ड






**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पुलिस सेवा के सात अधिकारी को आईपीएस अवार्ड हुआ है । इनमें पांच 2020 और दो 2021 सेलेक्ट लिस्ट में लिए गए है। आईपीएस बनने वाले अधिकारियों में उमेश चौधरी, मनोज कुमार खिलाड़ी, रवि कुमार कुर्रे, चैनदास टंडन, सुरजन राम भगत,दर्शन सिंह मेरावी, झाड़ूराम ठाकुर का नाम शामिल है।

### फर्नेश ब्लास्ट में एक की मौत, दो गंभीर

**रायपुर ।** औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा फॉर्च्यून टीएमटी में हुए फर्नेश ब्लास्ट में एक कर्मी की मौत हो गई है वहीं दो अन्य कर्मचारी बुरी तरह से घायल हो गए हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि ब्लास्ट में हादसे में मिंटू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई है। सिलतरा चौकी मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर फर्नेश ब्लास्ट हो गया। आस-पास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। लोग चीखने-चिल्लाने लगे। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं घटना की जानकारी तुरंत धरसींवा थाना की पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हादसा काफी भयानक था, घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। ब्लास्ट होने से बिहार, मुजफ्फरपुर निवासी 25 वर्षीय मिंटू की मौत हुई है। घटना स्थल के पास उपस्थित उत्तर प्रदेश निवासा रोहित राजपूत तथा बिहार निवासी अजय राय घायल हुए हैं।

# मोदी को फिर से लाओ, हम विश्व की तीसरी ताकत बन जाएंगे-अमित शाह

रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जांजगीर में लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का प्रचार अभियान शुरू किया. उन्होंने कहा कि आने वाला चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है. देश को विकसित और विश्वगुरु बनाने वाला चुनाव है. मोदी जी को फिर से लाओ, हम विश्व की तीसरी ताकत बन जाएंगे।




अमित शाह ने जांजगीर के हाई स्कूल मैदान में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए विजय संकल्प शंखनाद रैली के लिए आया हूं. भारत को 2014 में 11 में से 10 सीटें दी, 2019 में 11 में से 9 सीटें दी, अभी विधानसभा में छत्तीसगढ़ की जनता के साथ अन्याय करने वाली सरकार को हटाया. कांग्रेस सरकार ने न नक्सलवाद पर लगाम कसी, न भ्रष्टाचार बंद हुआ.

शाह ने कहा कि मैं राम के ननिहाल में आया हूं. छत्तीसगढ़ राम का ननिहाल है. मोदी जी ने 500 वर्षों के इंतजार को खत्म किया. अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई. छत्तीसगढ़ में सरकार बने कुछ दिन ही हुए हैं और विष्णुदेव साय की सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम शुरू कर दिया है.

इसके पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में हम कदम उठाना शुरू कर दिया है, दो साल का बोनस राशि किसानों के खाते में भेज दिया है. 21 क्विंटल धान की खरीदी की और जल्दी ही बाकी राशि भी देंगे, महतारी वंदन योजना का क्रियान्वयन शुरू कर दिया है, छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट को इस बार जिताकर मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है. मंच पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी, क्लस्टर प्रभारी राजेश मूणत समेत जिले के तमाम भाजपा नेता मौजूद थे.

### भारत अंतरिक्ष में तीसरी बड़ी शक्ति बना- शाह

शाह ने आगे कहा कि, पाकिस्तान के घर में घुसकर हमने सर्जिकल स्ट्राइक की और आतंकवाद को दंडित किया। कश्मीर में 370 का नासूर सालों से परेशान करता था, इसे हमने खत्म कर कश्मीर को हमेशा के लिए देश का अंग बना दिया।भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी तीसरी बड़ी ताकत बन गया है। मोदीजी ने देश के अर्थतंत्र को आगे ले जाने का काम किया। हमारा देश पहले 11वें नंबर पर था आज पांचवें नंबर है। एक बार मोदीजी को फिर से प्रधानमंत्री बना दीजिए, मोदी की गारंटी है, हम दुनिया के तीसरे नंबर की आर्थिक ताकत बन जाएंगे।

### कोंडागांव में बनाई लोकसभा चुनाव की रणनीति

**रायपुर से सबसे पहले शाह कोंडागांव पहुंचे जहां उन्होंने बस्तर क्लस्टर की बैठक ली। इस बैठक में करीब 45 मिनट तक लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाई गई। इस दौरान महासमुंद, कांकेर और बस्तर लोकसभा के 200 भाजपा नेताओं को उन्होंने टिप्स दिए।**

# केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रायपुर एयरपोर्ट में आत्मीय स्वागत





केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी केंद्रीय गृहमंत्री का स्वागत किया।

सदन में सरगुजा जिले में अपराध की गूंज

# मंत्री ने खास मामले में दी आईजी रेंज अधिकारी से जांच की घोषणा

**रायपुर।** विधानसभा में बीजेपी विधायक रामकुमार टोप्पो ने सरगुजा जिले में हुए अपराधों को लेकर सवाल उठाया. पूछा. इसके साथ ही उन्होंने हत्या के एक मामले में दुष्कर्म की आशंका जताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की. इस पर मंत्री ने IG रेंज के अधिकारी से घटना की जांच कराने की घोषणा की. बीजेपी विधायक रामकुमार टोप्पो ने सवाल किया कि सरगुजा जिले में पिछले 3 वर्षों में बलात्कार , हत्या, चोरी, डकैती, मानव तस्करी व हरिजन अत्याचार के कितने प्रकरण दर्ज था? गृहमंत्री विजय शर्मा की गैर मौजूदगी में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जवाब देते हुए कहा कि इस दौरान जिले में बलात्कार के 468, हत्या के 175, चोरी के 1512, डकैती के 07, मानव तस्करी के 08 और अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत 50 प्रकरण दर्ज है. रामकुमार टोप्पो ने हत्या के एक मामले में दुष्कर्म की आशंका जताते हुए कहा कि व्यक्ति विशेष का शव संदेहास्पद स्थित में मिला था. परिजनों के साथ भी पुलिस का व्यवहार ठीक नहीं था. इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच हो. इस पर मंत्री ने IG रेंज के अधिकारी से घटना की जांच कराने की घोषणा की.




# छत्तीसगढ़ में पहली चोरी में ही पकड़े गए मध्यप्रदेश के शातिर चोर

**कोरिया।** ज्वेलरी शॉप के शटर का लॉक तोड़कर लाखों का चांदी चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है. चोरी की वारदात के 72 घंटे के भीतर ही मामले के 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. ये सभी आरोपी मध्य प्रदेश के सिंगरौली के रहने वाले हैं. यह गिरोह फैक्ट्री में काम ढूढ़ने के बहाने चोरी के लिए रेकी करता था. अंतरराज्यीय आरोपियों ने पहली बार छत्तीसगढ़ में चोरी और पहली बार में ही पकड़े गए. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किये गए लाखों के जेवर और इंडिगो CS कार भी जब्त किया है. बताया जा रहा है कि आरोपियों ने पहले दिन सूरजपुर के भैयाथान में भी चोरी का प्रयास किया गया था. जानकारी के अनुसार, कोरिया जिले के पटना थाना अंतर्गत रनई गांव स्थित लालकुवर ज्वेलर्स एण्ड मेटालाइज शोरूम के मालिक ने 19 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई की शटर का लॉक तोड़कर अज्ञात चोरों ने सेंधमारी की है. जिसकी शिकायत के बाद पुलिस जांच में जुट गई. पुलिस ने मामले में शो रूम के मालिक से पूछताछ किया, जिसमें उन्होंने बताया कि बीते 18 फरवरी की रात 1.30 से 3.00 बजे के बीच मकान स्थित शो-रूम का शटर का लॉक तोड़कर चांदी और अन्य आभूषण के जेवरात चोर ले उड़े. जिसकी कीमत करीब 4 लाख 14 हजार रूपये है. इसके बाद पुलिस ने सभी संदेहियों से पूछताछ शुरू किया और 72 घंटे में सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया।



# तीन साल बाद अब TET परीक्षा आयोजित करने शिक्षा मंत्री बृजमोहन ने दिए निर्देश

## प्रदेश में जल्द होगी 33 हजार शिक्षकों की भर्ती

रायपुर। प्रदेश में शिक्षक बनने की राह देख रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। प्रदेश में जल्दी ही 33 हजार शिक्षकों की भर्ती होगी। इसके लिए तैयारियां जोरो पर है। इसके साथ ही टीईटी परीक्षा का आयोजन भी जल्द होगा। इसके लिए स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग छत्तीसगढ़ के संचालक राजेंद्र कटारा को राज्य में जल्द शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट आयोजित कराने के निर्देश दिए है।



शिक्षा मंत्री अग्रवाल के निर्देश के बाद SCERT ने व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) को पत्र लिखकर राज्य में जल्द से जल्द टीईटी परीक्षा के आयोजन के लिए कहा है। उन्होंने विधानसभा में राज्य में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की थी। उसी क्रम में राज्य में टीईटी की परीक्षा के आयोजन की तैयारी की जा रही। हमारी सरकार में किसी भी युवा के साथ अन्याय नहीं होगा। ज्यादा से ज्यादा युवा भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सके इसके लिए टीईटी परीक्षा के आयोजन की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगभग तीन साल से टीईटी परीक्षा का आयोजन नहीं हुआ है, जिसके कारण शिक्षक बनने का सपना देखने वाले युवाओं में काफी निराशा है, जिसके चलते युवा अभ्यर्थी उन्हें राज्य में टीईटी परीक्षा आयोजित करने के लिए ज्ञापन सौंपा था।

सदन में गूंजा सीएसआर का मुद्दा

# पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा- मद पर राज्य के नियंत्रण के लिए केंद्र को लिखेंगे पत्र

रायपुर। विधानसभा में सीएसआर के अंतर्गत होने वाले कार्यों का मुद्दा गूंजा. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सवाल किया कि क्या राज्य सरकार केंद्र से आग्रह करेंगे कि पूर्व की तरह राज्य सरकार के नियंत्रण में हो. मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि इस संबंध में केंद्र सरकार को पत्र लिखेंगे.




इसके पहले भाजपा विधायक भावना बोहरा ने पूछा कि सीएसआर मद के तहत कौन से कार्य किए जाते हैं. मंत्री लखनलाल देवांगन ने जानकारी दी कि सीएसआर मद केंद्र सरकार के अधीन है. केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार ही कार्रवाई की जाती है.

अनुज शर्मा ने कहा कि उद्योग अपनी मर्जी से राशि खर्च करते हैं, क्या कार्रवाई होगी. इस पर मंत्री लखनलाल देवांगन ने जानकारी दी कि केंद्र सरकार को ही इसके संबंध में निर्णय का अधिकार है. भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि किस माध्यम से काम किया जा रहा है,

इसकी जानकारी दें. मंत्री ने कहा कि उद्योग सीधे स्थानीय जनप्रतिनिधि से बात कर काम करते हैं. सदन में बिलासपुर जिले में सीएसआर मद से दी गई राशि का मामला भी उठा. भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने वर्षवार दी गई राशि की जानकारी मांगी. मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि सीआरएस मद केंद्र सरकार के अधीन है. 2022 में राज्य से अधिकार ले लिया गया था, इसलिए इसकी जानकारी दे नही पाऊंगा.

सुशांत शुक्ला ने कहा कि आपकी ही सरकार के अधिकारी ने जानकारी दी है. सीएसआर मद में कलेक्टर के माध्यम से बंदरबांट की गई है. यह किस अधिकार से हुआ. इस पर मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि हम भारत सरकार से मांग करेंगे कि सीएसआर मद का अधिकार राज्य को दिया जाए, जिससे व्यवस्थाओं के साथ मद का उपयोग हो सके.

# स्वास्थ्यः कैंसर से जंग के नए हथियार,इम्यूनोथेरेपी ने जगाईं नई उम्मीदें

ब्रि टेन ने कैंसर की वैक्सीन तैयार कर ली है और इम्यूनोथेरेपी कैंसर से जंग का नया हथियार बन रही है। अब इससे जानलेवा कैंसर पर लगाम लगाई जा सकती है। ब्रिटेन में कैंसर वैक्सीन का फ्री ट्रायल शुरू हो चुका है। इसका मुख्य उद्देश्य व्यक्ति के शरीर में कैंसर कोशिकाओं की पहचान करना और उनसे लड़ने की क्षमता विकसित करना है।

अभी इसका क्लीनिकल ट्रायल चल रहा है, जिसके तहत एक 81 साल के एक मरीज को इसकी पहली खुराक दी गई है। चिकित्सा विज्ञान में आजकल कई अलग-अलग पद्धतियों से कैंसर का उपचार किया जाता है, जो कई मामलों में कारगर भी साबित हो रही हैं। कुछ इसी तरह से इन दिनों इम्यूनोथेरेपी का इस्तेमाल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज में भी किया जा रहा है। इसमें हमारे शरीर की इम्यूनिटी को कैंसर कोशिकाओं से लड़ने के लिए मजबूत बनाया जाता है। यह उपचार प्रणाली रोगी के इम्यून सिस्टम में सामान्य ट्यूमर मार्कर पेश करने के लिए मैसेंजर आरएनए का उपयोग करती है। इसका लक्ष्य इम्यून सिस्टम को इस प्रकार से विकसित करना है कि वह इन कैंसर कोशिकाओं को पहचान कर उनका मुकाबला कर सके। इसका काम संभावित रूप से उन कोशिकाओं को नष्ट करना है, जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को दबा सकती हैं। मॉडर्ना-यूके स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप के सहयोग से आयोजित इंपीरियल कॉलेज का परीक्षण यूके में एमआरएनए वैक्सीन निर्माण करने और भविष्य की स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए तैयारियों को बढ़ाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। यूके सरकार ने कैंसर के लिए एमआरएनए-आधारित इम्यूनोथेरेपी के विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए कई दवा कंपनियों के साथ सहयोग किया है। ऐसे कई उपचार वर्तमान में क्लीनिकल टेस्टिंग के प्रारंभिक चरण में हैं, जहां उनके एक्शन, प्रोटेक्शन और प्रारंभिक गतिविधि का आकलन किया जा रहा है। कैंसर का इलाज अभी तक रेडिएशन (विकिरण) या कीमोथेरेपी (रसायन चिकित्सा) के भरोसे है, जिसमें कैंसर की



**इम्यूनोथेरेपी कैंसर से जंग का नया हथियार बन रही है। इसका उद्देश्य कैंसर कोशिकाओं को पहचानना और उनसे लड़ने की क्षमता विकसित करना है।**

कोशिकाओं को मार देते हैं या सर्जरी करते हैं, जिसमें ट्यूमर को पूरा निकाल देते हैं। मगर हीमैटोलॉजिकल या रक्त कैंसर सरीखे कुछ प्रकार के कैंसरों की उन्नत अवस्था में इन इलाजों की सफलता की दर 10 फीसदी से भी कम है। कीमो या रेडिएशन के दुष्प्रभाव-उलटी, दस्त, शरीर दर्द, त्वचा व बालों का झड़ना, रक्तस्राव, अनिद्रा आदि हिम्मत तोड़ने वाला है, क्योंकि दोनों इलाज कैंसर की कोशिकाओं के साथ अंततः शरीर की स्वस्थ-सामान्य कोशिकाओं को भी नुकसान पहुंचाते हैं। मौजूदा इलाज कैंसर की हर एक कोशिका को खत्म कर देने की भी गारंटी नहीं देते। उन्नत अवस्था के कैंसरों में इसके दोबारा होने की संभावना 30 से 40 फीसदी बनी रहती है।

यहीं इम्यूनोथेरेपी या प्रतिरक्षा उपचार की अहमियत सामने आती है। बीते कुछ वर्षों में कैंसर रिसर्च ने इस पर ध्यान केंद्रित किया है कि कैंसर की कोशिकाओं को पहचानकर उन्हें नष्ट करने के लिए खुद इंसान के शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कैसे और किन तरीकों से सक्रिय किया जा सकता है। गुरुग्राम स्थित आर्टेमिस

अस्पताल में आन्कोलॉजी के चेयरपर्सन और नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में मेडिकल आन्कोलॉजी के पूर्व प्रमुख डॉ. ललित कुमार बताते हैं कि किसी भी बीमारी से निजात पाने का शरीर का अपना तंत्र होता है। कैंसर में यह तंत्र किसी न किसी तरह ठप हो जाता है। बहुत सारे नए उपचारों का वास्ता इस बात से है कि इन कोशिकाओं को छिन्न-भिन्न करने के लिए शरीर को कैसे तैयार किया जाए। इम्यूनोथेरेपी पक्का करती है कि केवल कैंसर ट्यूमर को ही निशाना बनाया जाए और स्वस्थ कोशिकाओं को नहीं, जिससे दुष्प्रभाव कम होते हैं। अगर कैंसर दोबारा होता है, तो इम्यून या प्रतिरक्षा प्रणाली नुकसानदायक कोशिकाओं को पहचान सकती है। इलाज की सारी विधियां शरीर में कैंसर जनित कोशिकाओं को नष्ट करने पर निर्भर हैं। पर अब पता चला है कि कैंसर रोगी की इम्यूनिटी बढ़ाकर भी उसे ठीक किया जा सकता है। इम्यूनोथेरेपी को लेकर लोगों की उम्मीद बढ़ गई है। अब कैंसर मरीजों के इलाज में इस थेरेपी का महत्व धीरे-धीरे काफी बढ़ रहा है। यह थेरेपी रेक्टल कैंसर, लंग्स कैंसर और ओरल कैंसर में मुख्य रूप से दी जाती है।

डॉ. आशीष वशिष्ठ

## संपादकीय

### लाल सागर का संकट

अमेरिकी हमलों की शुरुआत के महीने भर बाद यह साफ है कि हूतियों पर उसका कोई असर नहीं हुआ है। हूती लगातार पश्चिमी जहाजों को भी निशाना बना रहे हैं। ऐसा करने की उनकी क्षमता किस हद तक बरकरार है, इसकी झलक फिर देखने को मिली है।

इस हफ्ते की शुरुआत के साथ यमन के अंसारुल्लाह गुट (जिसे हूती नाम से भी जाना जाता है) ने लाल सागर और आस पास के क्षेत्रों में जोरदार हमले किए हैं। अंसारुल्लाह के मुताबिक रविवार को अदन की खाड़ी में एक ब्रिटिश मालवाही जहाज पर उन्होंने मिसाइलें दागीं, जिनसे जहाज को गंभीर नुकसान पहुंचा। ब्रिटिश अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि ब्रिटिश जहाज के पास विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा है कि इस खबर की जांच कराई जा रही है। सोमवार को अंसारुल्लाह ने दो अमेरिकी जहाजों पर निशाना साधा। खबर है कि इन मिसाइलों से इन जहाजों को खासा नुकसान हुआ है। उन्होंने अमेरिका के एक हमलावर एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को भी मार गिराया। गजा में फिलस्तीनियों के नरसंहार के विरोध में हूतियों ने नवंबर में लाल सागर से गुजरने वाले इजराइल से किसी भी प्रकार से संबंधित जहाजों पर हमला करने का एलान किया था। इसके जवाब में पिछले महीने अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती ठिकानों पर हमले शुरू किए।

लेकिन इन हमलों की शुरुआत के महीने भर बाद यह साफ है कि हूतियों पर उसका कोई असर नहीं हुआ है। बल्कि उसके बाद से हूतियों ने ब्रिटेन और अमेरिका से संबंधित जहाजों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ऐसा करने की उनकी क्षमता किस हद तक बरकरार है, इसकी झलक इस हफ्ते फिर देखने को मिली है।

# आंदोलन पर उतारू किसानों ने की है इस बार भरपूर तैयारी, ऐसा लगता है जैसे युद्ध की है बारी

किसानों के दिल्ली चलो मार्च के चलते भारी सुरक्षा बंदोबस्त किये गये हैं। पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए और किसानों ने पुलिस के अवरोधकों को तोड़ने के लिए जिस तरह की तैयारियां कर रखी हैं उसके चलते फिलहाल यह तय कर पाना मुश्किल लग रहा है कि किसने ज्यादा अच्छे बंदोबस्त कर रखे हैं। किसान इस बार जिस तरह आंसू गैस के गोलों के प्रभाव से बचाने वाले मास्क, पोकलेन, जेसीबी मशीनों और एम्बुलेंसों से सुसज्जित भीड़ लेकर दिल्ली में घुसने को आतुर नजर आ रहे हैं वह ऐसा दृश्य पैदा कर रहा है जैसे कोई युद्ध छेड़ा जाने वाला है।

सरकार बार-बार अपील कर रही है बातचीत से मसला सुलझा लो, सरकार बार-बार वर्तमान आर्थिक परिदृश्यों में सबसे बेहतर प्रस्ताव दे रही है लेकिन किसान मानने को तैयार नहीं हैं। रिपोर्टें तो इस तरह की भी हैं कि चौथे दौर की वार्ता में सरकार ने किसानों के समक्ष जो प्रस्ताव रखा था उसे बातचीत में शामिल लोग मानने के लिए तैयार थे लेकिन उन पर शायद कुछ बाहरी दबाव थे जिसके चलते उन्होंने प्रस्ताव ठुकरा कर दिल्ली कूच की तैयारी कर दी।



यह दिल्ली कूच पूरे एनसीआर के लिए कितना भारी पड़ रहा है शायद इस बात का अंदाजा आंदोलन पर उतारू लोगों को नहीं है। बताया जा रहा है कि कुछ जगहों पर इंटरनेट पर पाबंदियां लगाई गयी हैं सोचिये आज के इस डिजिटल इंडिया में यदि इंटरनेट पर पाबंदी लग जाये तो कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस समय सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं भी चल रही हैं। इंटरनेट पर पाबंदी लगने से बच्चों को पढ़ाई में तो दिक्कतें होंगी ही साथ ही ट्रैफिक जाम के चलते परीक्षा केंद्र पर समय से नहीं पहुँचने का भय भी है। रिपोर्टें तो इस तरह की भी हैं कि तमाम अभिभावकों ने अपने बच्चों को परीक्षा केंद्र के निकट रहने वाले किसी रिश्तेदार, मित्र या परिचित के यहां शिफ्ट कर दिया है ताकि उसे कोई दिक्कत नहीं हो। देखा जाये तो अपने जीवन की पहली बड़ी परीक्षा देने जा रहा 10वीं कक्षा का छात्र पूरी तैयारी होने के बावजूद कुछ घबराया-सा होता है उस पर यदि उसके मन में यह भय रहे कि पता नहीं वह समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुँच पायेगा या नहीं तो सोचिये उसके मन पर क्या असर पड़ता होगा? बात सिर्फ परीक्षार्थियों की ही नहीं है। आपको जहां-तहां ट्रैफिक जाम में एंबुलेसों के फंसे होने के दृश्य दिख जायेंगे। आपको जहां-तहां ट्रैफिक जाम में फंसे लोग फोटो लेकर अपने ऑफिस में भेजते दिख जाएंगे। सवाल उठता है कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में रहने वाली आम जनता की क्या गलती है? पहले ही इस भागमभाग वाली जिंदगी में लोगों के पास अपने लिये ही समय नहीं है उस पर जब देखो तब एक नई टेंशन मिल जाती है। जब तब दिल्ली को घेरने का ऐलान होते ही एनसीआर के लोगों को आफिस समय पर पहुँचने के लिए और पहले घर से निकलना पड़ता है, रेलवे स्टेशन या हवाई अड्डा जाना हो तो और पहले निकलना पड़ता है। हो सकता है किसानों की सभी मांगें पूरी हो जायें और वह नाचते गाते अपने घरों को चले जाएं लेकिन इस क्षेत्र के आम आदमी के समय और संसाधन का जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई कौन करेगा? सवाल यह भी है कि प्रतिबंधों के चलते जिन लोगों का व्यापार या आजीविका प्रभावित हो रही है या बंद हो गयी है उसकी भरपाई कौन करेगा?

## मिला जुला

### एक नजर

#### वेनेजुएला में अवैध सोने की खदान ढही, हादसे में 14 लोगों की मौत; दर्जनों के फंसे होने की आशंका

वेनेजुएला। वेनेजुएला में अवैध रूप से संचालित सोने की खदान ढहने से करीब 14 लोगों की मौत होने की खबर सामने आई है। साथ ही बताया जा रहा है कि हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। आधिकारिक बयानों के मुताबिक खदान के अंदर कितने लोग अभी दबे हुए हैं, इसके बारे में सटीक जानकारी देना अभी संभव नहीं है।
मौके से 14 शव बरामद- घटना को लेकर दिए गए आधिकारिक बयान में बताया गया है कि मौके से अब तक करीब 14 शवों को बाहर निकाला गया है। वहीं करीब 11 लोग घायल हैं। हादसे के तुरंत बाद से राहत एंव बचाव कार्य शुरू कर दिया गया था, जो अभी भी जारी है। यह दुर्घटना बुल्ला लोका नाम की अवैध खदान में एक दीवार गिरने के कारण हुई है। यह खदान एक ऐसे दुर्गम इलाके में हैं, जहां केवल घंटों की नाव की सवारी से पहुंचा जा सकता था। अंगोस्टूरा के मेयर योर्गी अर्सिनेगा ने देर रात बताया कि हादसे में मारे जाने वालों की संख्या दर्जनों में हो सकती है। हादसे का शिकार लोगों के परिजन आस-पास के इलाकों में लगातार जमा हो रहे हैं।

# ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए 19000 करोड़ के मेगा सौदे को मंजूरी

## भारतीय नौसेना की बढ़ेगी ताकत

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना की ताकत में और इजाफा होने जा रहा है। नौसोना को बड़ा प्रोत्साहन देने के लिए सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने युद्धपोतों पर तैनाती के लिए 200 से अधिक ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है।

शीर्ष सरकारी सूत्रों ने एएनआई को बताया कि बुधवार शाम को हुई बैठक में लगभग 19,000 करोड़ रुपये के सौदे को मंजूरी दी गई। ब्रह्मोस एयरोस्पेस और रक्षा मंत्रालय के बीच मार्च के पहले सप्ताह में अनुबंध पर हस्ताक्षर होने की तैयारी है। ब्रह्मोस भारतीय नौसेना के युद्धपोतों के लिए जहाज-रोधी और हमले के संचालन के लिए मुख्य हथियार है, जो नियमित रूप से हथियार प्रणाली से फायर करते हैं। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत और रूस का संयुक्त उद्यम है और सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का उत्पादन करता है, जिन्हें पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों या भूमि प्लेटफार्मों से लॉन्च किया जा सकता है।




### फिलीपींस को भी निर्यात करने की तैयारी

ब्रह्मोस कॉर्पोरेशन द्वारा ब्रह्मोस मिसाइल का बड़े पैमाने पर स्वदेशीकरण किया गया है और इसके ज्यादातर पार्ट्स का का स्वदेशीकरण किया जा रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल को जल्द ही फिलीपींस को भी निर्यात करने की तैयारी है, जो इसका पहला वैश्विक ग्राहक है।

### कई देश मिसाइल खरीदने में दिखा रहे रुचि

बता दें कि कई देश ब्रह्मोस मिसाइल में रुचि दिखा रहे हैं। दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्र के कई देशों ने कई तरीकों से तैनाती के लिए इस मिसाइल प्रणाली में गंभीर रुचि दिखाई है। अतुल राणे की अध्यक्षता में ब्रह्मोस एयरोस्पेस, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित 5 बिलियन अमरीकी डालर के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भी काम कर रहा है। ब्रह्मोस के चेयरमैन ने कहा था कि फिलीपींस के साथ 375 मिलियन डॉलर के पहले निर्यात सौदे के बाद, उनकी टीम 2025 तक 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का लक्ष्य रख रही है।

## प्रदर्शन के दौरान जिस किसान हुई मौत वो है 2 एकड़ जमीन का मालिक, बहन की शादी के लिए लिया था लोन



21 फरवरी को दिल्ली मार्च के दौरान हुई हिंसा में शुभकरण सिंह की मौत हो गई है. फिलहाल किसानों ने पोस्टमार्टम को रोक दिया है. उनकी मांग है कि जब तक सरकार आर्थिक मुआवजे की घोषणा नहीं करेगी तब तक पोस्टमार्टम नहीं होनें देंगे. ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर कौन हैं शुभकरण सिंह, जिनकी मौत विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई है.

जानकारी के मुताबिक, शुभकरण सिंह दो एकड़ जमीन के मालिक थे. उनकी मां की मौत हो चुकी है, पिता मानसिक रोगी हैं.. शुभकरण की दो बहनें भी हैं. खबरों के मुताबिक, बहन की शादी के लिए शुभकरण सिंह ने लोन भी लिया है. एक बहन की शादी हो चुकी है, दूसरी बहन फिलहाल पढ़ाई कर रही है.

शुभकरण की मौत का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है. किसानों ने सरकार से उनके परिवार के लिए मुआवजे की घोषणा करने की मांग करते हुए पोस्टमार्टम को रोक दिया है. वे मुआवजे के तौर पर केंद्र सरकार से नौकरी की मांग कर रहे हैं.

पड़ोसियों ने बताया कि शुभकरण के परिवार के पास करीब 2 एकड़ जमीन है. उनकी मां की मृत्यु हो चुकी है और उनके पिता मानसिक बीमारी से पीड़ित हैं. उनकी दो बहनें हैं, एक शादीशुदा है और दूसरी छात्रा है. उन्होंने बताया कि युवा किसान ने अपनी बहन की शादी के लिए कर्ज लिया था.

# किसान आंदोलन में ड्यूटी पर तैनात सब-इंस्पेक्टर की मौत, अबतक 3 पुलिस वालों ने तोड़ा दम, 2 दिन के लिए टला प्रदर्शन

चंडीगढ़. किसान आंदोलन में पुलिसकर्मियों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. हरियाणा पुलिस के सब-इंस्पेक्टर विजय कुमार की मौत हो गई. विजय कुमार टोहाना बॉर्डर पर ड्यूटी पर तैनात थे. इस बीच उनकी अचानक से तबीयत खराब हो गई और फिर कुछ देर बाद उनकी मृत्यु हो गई. अभी तक इस किसान आंदोलन में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो चुकी है. इस घटना को लेकर पुलिस महानिदेशक ने दुख जाहिर किया है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक ड्यूटी के बीच विजय कुमार की तबीयत अचानक से खराब हो गई.



इसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनको बचाया नहीं जा सका. घटना पर शोक प्रकट करते हुए हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि हरियाणा पुलिस दुख की इस घड़ी में उनके परिजनों के साथ है.

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सब-इंस्पेक्टर विजय कुमार की उम्र 40 साल थी और हरियाणा के नूंह चौकी में तैनात थे. विजय कुमार का अंतिम संस्कार रोहतक में हुआ. बता दें कि विजय कुमार से पहले दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई थी.

16 फरवरी को तैनात जीआरपी के सब-इंस्पेक्टर हीरालाल की भी तबियत अचानक बिगड़ गई थी. इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया. लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी. इसके बाद 20 फरवरी को अंबाला के शंभू बॉर्डर पर ईएसआई कौशल कुमार की भी अचानक तबियत खराब होने से मौत हो गई. बता दें कि किसानों ने दिल्ली कूच कार्यक्रम को दो दिन के लिए टाल दिया है. हालांकि यह ऐलान किया है कि 22 फरवरी को दोपहर 12 बजे के बाद हाइवे जाम करेंगे. बीते 21 फरवरी को किसान आंदोलन के दौरान खनौरी बॉर्डर पर एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई थी.

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शुक्रवार 23 फरवरी 2024

# आगामी दिनों में होने वाले वृहत कार्यक्रम की तैयारियों के लिए कलेक्टर ने ली बैठक

## विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ और चित्रकोट महोत्सव के लिए अधिकारियों को दिए दायित्व

जगदलपुर। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के.ने विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ का 24 फरवरी को जिले के तीनों विधान सभा क्षेत्र में कार्यक्रम के आयोजन और चित्रकोट महोत्सव के आयोजन के तैयारियों हेतु जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में बैठक ली।



कलेक्टर ने कहा कि विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ में मान.प्रधानमंत्री वर्चुअल कार्यक्रम से जुड़ते हुए विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से संवाद भी कर सकते हैं इसलिए बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी, निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। साथ ही कार्यक्रम स्थल में पेयजल, साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। तीनों कार्यक्रम स्थलों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर सम्पूर्ण व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने कहा गया। बैठक में 06- 07 मार्च को आयोजित की जा रही चित्रकोट महोत्सव की तैयारियों हेतु चर्चा किया गया। इसमें व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था, जलप्रपात क्षेत्र में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुतकर्ताओं के लिए आवश्यक व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

विभागीय स्टाल में केंद्रीय प्रवर्तित योजनाओं पर आधारित प्रदर्शिनीय लगाने के निर्देश विभागों को दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, आयुक्त नगर निगम श्री हरेश मंडावी सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के तहत 24 फरवरी को संभागीय कार्यक्रम (जगदलपुर विधानसभा) पीजी कालेज परिसर धरमपुरा जगदलपुर में,चित्रकोट विधानसभा में आत्मानंद स्कूल परिसर उसरीबेड़ा (लोहंडीगुड़ा ब्लॉक मुख्यालय) और बस्तर विधानसभा बकावंड हाई स्कूल मैदान परिसर में आयोजित किया जाएगा।कलेक्टर ने उक्त स्थलों का निरीक्षण भी किया और संबंधितों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

# एक नजर

## राशन कार्ड नवीनीकरण की अंतिम तिथि अब 25 फरवरी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

प्रदेश में छूटे और देश के विभिन्न राज्यों में निवासरत ऐसे नागरिक जो राशन कार्ड नवीनीकरण कार्य नहीं करा पाए हैं। उनके लिए एक अवसर के रूप में राज्य सरकार ने प्रचलित राशनकार्डों का नवीनीकरण कार्य की अंतिम तिथि 25 फरवरी 2024 किया है। इसमें कम से कम एक सदस्य का ईकेवायसी पूर्ण हो, अत्यधिक वृद्ध तथा शारीरिक रूप से नि:शक्त ऐसे हितग्राही जिनके लिए नामिनी नियुक्त हैं, उन्हें इस प्रावधान से छूट होगा। राशनकार्डों के नवीनीकरण खाद्य विभाग द्वारा तैयार एप्प से हितग्राही स्वयं अपने मोबाईल में अथवा उचित मूल्य दुकानों में संधारित टैबलेट अथवा दुकान संचालक के पंजीकृत एंड्रायड मोबाईल में डाउनलोड कर आवेदन कर सकता है। उल्लेखनीय है कि संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण ने सभी कलेक्टर को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि प्रदेश में राशनकार्डों के नवीनीकरण हेतु अब तक प्राप्त आवेदनों की स्थिति में कई जिलो की प्रगति संतोषजनक नहीं है। राशनकार्ड नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 फरवरी 2024 निर्धारित की जाती है। इसके लिए उचित मूल्य दुकान तथा स्थानीय स्तर पर इस सबंध में समुचित प्रचार.प्रसार कर शेष राशनकार्डधारियों के आवेदन प्रस्तुति की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराई जाए। निर्देशानुसार निर्धारित समय.सीमा में राशनकार्डों के नवीनीकरण हेतु आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

# चोरी करके फरार आरोपी गिरफ्तार



चिखली। प्रकरण सदर में प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 20.02.2024 को मैं अपने ऑफिस में था और मेरी मो0सा0 क्रमांक सीजी 08-एजे 3328 मेरे किराये के मकान शीतला मंदिर के पास चिखली राजनांदगांव के किनारे खडा था जिसे रिषभ सिंह चोरी कर ले गया है कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा 379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, व क्षेत्र में चोरी की घटना पर अंकुश लगाने के लिये श्रीमान् पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में राजनांदगांव पुलिस की टीम गठित कर सतत निगरानी रखी जा रही थी इस दौरान मुखबीर सूचना पर दबिश देकर आरोपी रिषभ सिंह राजपूत पिता दिनेश सिंह उम्र 24 साल निवासी ममता नगर बख्तावर चाल थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव को पकडकर पुछताछ किया गया जिसने पहले घटना के संबंध में टालमटोल जवाब दिया फिर हिकमत अमली से तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुछताछ किये तब आरोपी रिषभ सिंह मो0सा0 क्रमांक सीजी 08-एजे 3328 को चोरी करना स्वीकार करते हुए चोरी किये हुए मो0सा0 को पेश किया जिसे जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 379 भादवि के तहत कार्यवाही कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी चिखली उप निरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, प्र0आर0 संतोष मिश्रा, अरविंद साहू, म0प्र0आर0 वंदना पटले, बीरबल राजपूत, तामेश्वर भुआर्य का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने जिला स्तरीय परामर्शदात्री बैठक में दिए 14 सूत्रीय सुझाव

जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी समस्याओं को समय पर पूर्ण करने का दिया आश्वासन।



कोंडागांव। जिला शिक्षा अधिकारी कोंडागांव श्रीमती मधुलिका तिवारी ने दिनांक 21///2 /2024 को प्रात: 11꞉00 बजे से संध्या साढे पांच बजे तक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में शिक्षा विभाग से संबंधित 18 मान्यता प्राप्त संगठनों का जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्रीय समिति का बैठक आयोजित किया गया ।जिसमें मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी, डीएमसी महेंद्र नाथ पांडे , जिला साक्षरता अधिकारी वेणुगोपाल राव,कोंडागांव जिले के पांचो विकास खंड के सभी खंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी तथा सभी 18 संगठन के जिला अध्यक्ष , प्रांतीय पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में परामर्शदाता समिति बैठक का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष पवन कुमार साहू एवं जिलाध्यक्ष जीवनलाल पांडे ने शिक्षकों की 14 सूत्री समस्याओं एवं समाधान हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिले के पदाधिकारी के समक्ष विस्तार पूर्वक रखा गया ।जिसे गंभीरता पूर्वक लेते हुए शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी, डीएमसी महेंद्र नाथ पांडे , जिला के साक्षरता जिला साक्षरता अधिकारी वेणुगोपाल राव एवं विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारियों ने विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने निम्नांकित सुझाव प्रस्तुत किए ।छत्तीसगढ़ शासन के गाइडलाइन के अनुसार जिले में सेवारत दिव्यांग कर्मचारी को निकटतम विद्यालय में आवागमन की दृष्टि से सुविधा वाले स्कूलों में पदांकन किया जाय,

शैक्षणिक योग्यता बढ़ाने हेतु जिले के कर्मचारियों द्वारा परीक्षा अनुमति चाही गई है। अत: निर्धारित समय सीमा में लम्बित कार्योत्तर अनुमति अविलब प्रदान किया जाए ।संघ के संज्ञान में आया है कि प्राय: जहां पर एक ही स्कूल में सभी शिक्षक महिला या सभी शिक्षक पुरुष हो वहां पर प्राय: विवाद की स्थिति बनी रहती है । जिससे छात्र-छात्राओं का अहित होती है।अत: ऐसी स्थिति से निपटने हेतु सभी स्कूलों में शिक्षक ङ्कशिक्षकों का समान अनुपात में पदांकन किया जाए।



# हत्या के आरोपी को 24 घण्टों में किया गिरफ्तार

कोंडागांव । मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी फगनू राम मरकाम पिता स्व. मंगडूराम मरकाम उम्र 32 वर्ष जाति गोंड निवासी पटलेपारा बागबेड़ा थाना माकड़ी ने रिपोर्ट दर्ज करया कि दिनांक 18.02.2024 को धनीराम मरकाम अपने परिचित दिनेश बघेल के घर शादी में शामिल होने के लिए ग्राम करण्डी गया हुआ था। फोन की सूचना पर प्रार्थी, परिजन के साथ करण्डी गये धनीराम मरकाम दिनेश बघेल के घर बाजू वाला मकान मे बेहोश पड़ा था उसे ईलाज के लिए जिला अस्पताल कोण्डागांव ले गये। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना अनंतपुर में अपराध क्रमांक 09/2024 धारा 294, 323, 506 भादवि. कायम कर विवेचना में लिया गया था। आहात धनीराम मरकाम को रिफर करने पर डीकेएस अस्पताल रायपुर ले गये थे जो ईलाज के दौरान मौत हो गयी। प्रार्थी गवाहों के कथन के आधार पर प्रकरण में धारा 302 भादवि. जोड़ी गयी। हत्या के आरोपी कैलाश बघेल को गिरफ्तार करने हेतु पुलिस अधीक्षक श्री वाय अक्षय कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दौलत राम पोर्ते (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में दिनांक 20.02.2024 को अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्री निमितेष सिंह (रा.पु.से.) के नेतृत्व में अनंतपुर पुलिस के द्वारा घटना स्थल ग्राम करण्डी जाकर के आरोपी कैलाश बघेल पिता परमदेव बघेल जाति राजगोंड निवासी करण्डी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त एक नग लकड़ी के डण्डा को जप्त किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरीक्षक आनंद सोनी, सउनि. डोमन दीवान, सउनि. अभिराम मेश्राम, प्रआर. 239 भावेश मण्डावी, प्रआर. 196 छब्बीलाल कोर्राम, प्रआर. 241 नेमीचन्द भण्डारी, आर. 561 लक्ष्मी बघेल, आर. 740 शालिक कश्यप का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कलेक्टर ने चित्रकोट महोत्सव की तैयारियों का किया निरीक्षण

चित्रकोट महोत्सव का आयोजन होगा 06-07 मार्च को

जगदलपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चित्रकोट महोत्सव का आयोजन किया जाना है इसकी तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. गुरुवार को चित्रकोट महोत्सव और मेला स्थल पहुंचे। उन्होंने महोत्सव के आयोजन की व्यवस्थाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद की गतिविधियों की व्यवस्था सहित मंच, दर्शक दीर्घा,मेला स्थल, विभागीय स्टॉल के लिए चिन्हित जगहों का निरीक्षण कर सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को कार्यक्रम स्थल के मैदान को समतल करवाने के निर्देश दिए। इस वर्ष चित्रकोट महोत्सव का आयोजन 06-07 मार्च को किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, उप संचालक पंचायत श्री बीरेंद्र बहादुर, नायब तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# किशोर को पीटा

रायपुर । आनंद नगर तेलीबांधा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने किशोर से गाली-गलौज कर क्रिकेट बैट से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार आनंद नगर निवासी 16 वर्षीय प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अंकित दुल्हानी ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर क्रिकेट बैट से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को मिला विज्ञान प्रशिक्षण



किरंदुल बचेली। कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटरनेशनल लिमिटेड से कॉर्पोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी (C S R ) के तहत सरकारी उच्च माध्यमिक बिद्यालय किरंदुल ,दन्तेवाड़ा ,छत्तीसगढ़ मे दिनांक 21 -02 - 2024 को कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड कंपनी के किरंदुल इकाई के प्रबंधक मतीउर रहमान के कर कमलों द्वारा छोटा बिज्ञान प्रोयोगशाला की शुभआरम्भ किया गया है एबं सरकारी उच्च विद्यालय किरंदुल ,दन्तेवाड़ा ,छत्तीसगढ़ को समर्पित किया गया है। वही आज जब हमारी पत्रकारों की टीम विद्यालय मे गयी तो देखने को की विद्यालय मे बच्चों के लिए कमरे की कमी है बालको के शौचालय पूरी तरह से छत्तीग्रस्त है विद्यालय की चरदिवारी के अंदर किसी बाहरी का मकान भी है जिसको पंचायत के अंदर आता है जिसको ग्रामपंचायत की अध्यक्ष हटाने मे नाकाम है और इस मकान की वजह से विद्यालय के बच्चे कई बार समय से पहले निकल जाते है।

# प्रत्येक समाज को नशा से दूर रहने की जरूरत-कलेक्टर चौहान

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर केएल चौहान, परियोजना अधिकारी हरिशंकर चौहान और संयुक्त कलेक्टर टी.आर महेश्वरी नगर पंचायत भटगांव में आयोजित मरार पटेल समाज द्वारा शाकम्भरी महोत्सव में शामिल हुए। इस वार्षिक अधिवेशन के 72 वां वर्षगांठ के अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर चौहान और समाज के वक्ताओं ने आरती पूजा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। कलेक्टर चौहान ने कहा कि प्रत्येक समाज के सभी वर्गों को नशे से दूर रहने की जरूरत है। सबसे पहले हम सब एक समाज के हैं और वो है मानव समाज। किसी भी समाज को दिशा देने वाले धर्म या धर्मगुरु हो। समाज को उत्थान के लिये कार्य करने वाला हमारे अग्रज हो। महापुरुषों ने समाज में सब के लिए एक ही काम किया हैं, न की सबके लिये अलग-अलग उपदेश और आदर्श स्थापित किया। सब महापुरुषों का एक ही उद्देश्य रहा हैं वो है केवल मानव समाज का उत्थान। भले ही तरीका अलग.अलग हो सकता हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम में समाज के वक्ताओं ने एक-एक कर अपनी.अपनी बातें रखी और समाज को आगे बढ़ाने सहित शिक्षा की महत्व व उनके स्तर की जानकारी दी। साथ ही साथ सामाज उत्थान को आगे बढ़ाने प्रेरित किया। कई वक्ताओं ने इस अधिवेशन को सर्व मरार पटेल समाज को एकता और भाईचारे की धागे में एक साथ पिरोकर रखने का उद्देश्य बताया।

# सांस्कृतिक विविधता और मातृभाषा के संरक्षण को बढ़ावा देने मनाया अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

*स्थानीय बोली भाषाओं के संरक्षण के लिए मनाया मातृभाषा दिवस, बच्चों ने पढ़ी हल्बी गोंडी छत्तीसगढ़ी में गीत कविताएं*




कोंडागांव। अंतर्राष्टीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी के अवसर पर सांस्कृतिक विविधता एवं मातृभाषा के सरंक्षण के महत्व। से बच्चों को परिचित कराने के उद्देश्य से प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में अंतर्राष्टीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। अंतर्राष्टीय मातृभाषा दिवस के महत्व परिचित कराते हुए विद्यालय की प्रधानाध्यापक मधु तिवारी ने बताया कि यूनेस्को द्वारा सन 2000 में सांस्कृतिक विविधता मातृभाषा के संरक्षण संवर्धन के उद्देश्य से इस दिवस को मनाने की शुरुआत की गई थी ।मातृ भाषा दिवस 2024 की थीम बहुभाषी शिक्षा अंतर-पीढ़ी गत शिक्षा का स्तंभ है जो की बहु भाषा शिक्षा को बढ़ावा देती है। बहुत सारी बोली और भाषा तेजी से विलुप्त होने की कगार पर पहुंच रही हैं बस्तर में कभी छत्तीस भाषाएँ बोली जाति थी अब गोंडी हल्बी भतरी का ही अस्तित्व बचा दिखाई दे रहा है ।

एक अनुमान के अनुसार प्रत्येक दो सप्ताह में विश्व में एक बोली भाषा विलुप्त हो जाती है स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भी मातृभाषा को बढ़ावा देने प्राथमिक कक्षाओं में कुछ पाठ स्थानीय बोली भाषा की सम्मिलित किए गए हैं बच्चों को सबसे अधिक लगाव अपनी मातृभाषा से होता है ऐसे में मातृभाषा में शिक्षा दिए जाने से बच्चे विद्यालय से जुड़ाव महसूस करते हैं एवं शाला त्यागी नही होते। समुदाय से उनका जुड़ाव बना रहता है संस्कृति के संरक्षण के लिए भाषा बोलियों को लिपिबद्ध किया जाना चाहिए।

# साइबर ठग शिवनंदन महंत पकड़ाया, न्यायालय में आरोपी ने शिकायतकर्ता को लौटाया पैसा

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



खरसिया क्षेत्र के ठाकुरदिया गांव के निवासी साइबर ठग नंदू उर्फ शिव नंदन महंत को सरसीवा थाना पुलिस ने पकड़ कर विभागीय कार्यवाही के साथ न्यायालय में पेश किया। सारंगढ़ थाना में भी अपराध दर्ज होने के कारण आरोपी को पुलिस रिमांड में लाया गया और सारंगढ़ के न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय में आरोपी ने दोनों शिकायतकर्ता को लौटाया पैसा। आरोपी के मोबाइल नम्बर 7803830450 और 9770341259 पर ठगी हुए लोग वकील पुलिस से सलाह लेकर आरोपी से अपने पैसे की वापसी कार्यवाही कर सकते हैं। आरोपी के पुलिस गिरफ्त के दौरान होने से पैसा वापसी की संभावना ज्यादा है। इस ठग का मोबाइल नंबर 8224868583, 7898262500 है और जिसमें पैसे की डिमांड करता था वो मोबाइल नंबर 7803830450 और 9770341259 है। उल्लेखनीय है कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में आरोपी के मोबाइल नंबर के विरुद्ध 420 की धारा अंतर्गत थाना सारंगढ़ में अपराध क्रमांक 0667/23 और सरसीवा थाना में 0500/023 अपराध दर्ज है।

# आपके प्रत्येक हाई ट्रांजैक्शन की जानकारी विभाग के पास होती है- एम एम मीना

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




आयकर विभाग रायगढ़ द्वारा होटल ट्रिनिटी के सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर परिक्षेत्र 1 के संयुक्त आयकर आयुक्त एमएम मीना एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में आयकर उपायुक्त, सर्किल.1-1, बिलासपुर राहुल मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यशाला में मुख्य अतिथि ने कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए कहा कि यह कार्यशाला सही आयकर विवरणी सही समय पर दाखिल करने के लिए तथा करदाताओं के हाई ट्रांजैक्शन करने के बाद भी रिटर्न फाइल नहीं करने पर उन्हें रिटर्न फाइल करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रखी गयी है। उन्होंने बताया कि आज भी भारत की जनसंख्या के अनुपात में आयकर विवरणी दाखिल करने वालों की संख्या काफी कम है। यद्यपि पिछले कुछ वर्षों में इसमें वृद्धि देखी गयी है फिर भी बहुत से लोग ऐसे हैं जो की आयकर के दायरे में आने के बाद भी अपनी विवरणी दाखिल नहीं करते हैं उन्होंने बताया कि आज विभाग के पास विभिन्न विभागों से सूचना आती हैं हैं जिससे कोई भी व्यक्ति अपनी जानकारी छुपा नहीं सकता है अतः परेशानियों से बचने के लिए पहले से ही अपनी जानकारी के आधार पर आयकर विवरणी दाखिल कर उचित कर का भुगतान करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के के रूप में पधारे आयकर उपायुक्त राहुल मिश्रा ने कहा कि हमें उन लोगों को आयकर रिटर्न फाइल करने के लिए प्रेरित करना चाहिए जो कई बैंकिंग ट्रांजैक्शन एवं प्रॉपर्टी ट्रांजेक्शन करते हैं इस प्रकार के व्यक्ति जो उचित समय पर अपने आयकर विवरणी का दाखिल नहीं कर पाते उन्हें बाद में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इनकम टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने बताया कि रायगढ़ के कर सलाहकार एवं व्यापारी अपने दायित्वों का उचितनिर्वहन करते हुए आयकर भुगतान एवं देश के विकास में अपना पूरा योगदान देते रहे हैं आयकर विभाग रायगढ़ को दिए लक्ष की प्राप्ति में हमारा हमेशा से सहयोग रहा है। सीए संगठन के अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने कहा कि हम निरंतर प्रयास करते हैं कि करदाताओं की संख्या बढ़े इस हेतु हम आगे भी कार्य करते रहेंगे। आयकर अधिकारी रायगढ़ सुनील कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। रायगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि के रूप में सुनील अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास अग्रवाल ने सभा को संबोधित किया। सदन में से कई अन्य महत्वपूर्ण सुझाव आये जिस पर मुख्य अतिथि महोदय ने इन सुझावों को आगे उच्च अधिकारियों के समक्ष रखने का आश्वासन दिया। आयकर अधिकारी सुजीत विश्वास ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए रायगढ़ एवं सारंगढ़ तथा आसपास के क्षेत्र से पधारे व्यापारी कर सलाहकार,पत्रकार बंधुओं,एवं अन्य सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में आयकर विभाग से आयकर निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, जयंत भोई वरिष्ठ कर सहायक संजीव पांडेय, राजेश कुमार एवं सी एसोसिएशन के सदस्य बालकिशन केडिया,संतोष टिबड़ेवाल, रवि अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, इनकम टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन से वरिष्ठ अधिवक्ता जीडी अग्रवाल हीरा मोटवानी ए पंकज गोयल शिव बेहरा, चैंबर ऑफकॉमर्स सारंगढ़ से नंदकिशोर अग्रवाल राजेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कर सलाहकार एवं नागरिक उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन आयकर निरीक्षक देवनारायण नायक ने किया।




## एक नजर

### भाजपा जिला कोषाध्यक्ष ने गृहमंत्री का गुलाब फूल देकर किया अभिनंदन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र चुनाव का शंखनाद करने पहुंचे भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह का आगमन पर सक्ती जिला भाजपा कोषाध्यक्ष एवं विधानसभा संयोजक राम नरेश यादव ने गृहमंत्री का गुलाब फूल देकर स्वागत किया।

### अवैध शराब बेचते 4 गिरफ्तार

**रायपुर** । अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचते 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 122 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 390 रुपए जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार गोबरानवापारा पुलिस ने अंबेडकर चौक नवापारा के पास अवैध शराब बेचते आरोपी शेखर यादव 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 22 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 290 रुपए जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने छोटे उरला के पास आरोपी राहुल भारती 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 100 रुपए जब्त किया है। इसी तरह धरसींवा पुलिस ने आरोपी योगेश निषाद 19 वर्ष व योगेंद्र कुमार यादव 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 82 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# अग्निशमन दल ने निरीक्षण कर दी एजेंसी चालकों को परिचालन की जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




ज्वलीनशील पदार्थों के भंडारण एवं वितरण स्थल पर आगजनी की घटनाओं का खतरा अधिक होता है। ऐसे में, असावधानी के चलते अचानक हो सकने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के दृष्टिगत जिले के नगर सेनानी बी कुजूर और उनके फायर सेफ्टी अधिकारियों की पैनी नजर चिन्हांकित क्षेत्रों में नियमित रूप से बनी रहती है। ऐसे ही प्रकरणों के मद्देनजर जिला नगर सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जारी छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन अधिनियम 2018 की धारा 33 एवं नियमावली 2021 के नियम 44 के तहत पूर्व में जारी नोटिस के आधार पर शहर के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में जांच पड़ताल कर उपकरणों के उपयोग एवं बचाव के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि इस दौरान जिले में पदस्थ अग्निशमन अधिकारी अनिल वैद्य स्वयं मौके पर पहुंचे और अपने दल में उपस्थित स्पेशलिस्ट माने जाने वाले फायरमैन ग्रेड 2 में प्रमोद कुमार जोगी, विपिन खलखो और सुमित केशरवानी के साथ जायजा लिया। उनके दल बल द्वारा क्रमशः श्री सांई विनायक किसान सेवा केन्द्र पेट्रोल पम्प एवं मेडिकल कॉलेज रोड स्थित श्री हरि किसान सेवक केंद्र पेट्रोल पम्प, प्रियदर्शनी एचपी गैस एजेंसी चक्रधर नगर, खालसा गैस ऐजेन्सी अतरमुड़ा एवं गोदाम बिंजकोट व कोतरा रोड चूना भट्ठा के पास स्थित अभिषेक फटाका गोदाम के पास उपलब्ध अग्निशमन यंत्रों की जानकारी ली गई, साथ ही उन्हें आवश्यक निर्देशों को पालन करने एवं आवश्यकता पड़ने पर उपकरणों का कैसे उपयोग किया जाए, इस संबंध में उपकरणों का प्रैक्टिकल करा कर मौके पर ही विस्तारपूर्वक जानकारी भी प्रदान की गई। बता दें कि इस तरह सावधानी एवं सुरक्षा जागरूकता लाने का प्रयास उक्त दल द्वारा जिले के ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में मौके पर जाकर किया जा रहा है। ताकि, दुर्घटना को होने के पहले ही टाला जा सके। वहीं, विपरीत परिस्थियों यानी आगजनी होने आदि जैसी जरूरतें पड़ने 24 घंटे सेवा में उपलब्ध सेवा में दूरभाष नंबर 07762223885 जारी करने सहित उनकी फायर ब्रिगेड टीम के मुस्तैदी से तैनात रहने की बात कही गई।

**नशे की अवैध व्यापारियों के विरूद्ध की बड़ी कार्यवाही**

# दो अलग-अलग ठिकानों पर पुलिस ने छापा मारकर किया महुआ शराब जप्त

ग्राम मटियारी थाना सीपत गांजा बेचने आये व्यापारी को गांजे के साथ किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।






पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह के द्वारा जिले में अवैध नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने एवं नशे के कारोबारियों पर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवश सिंह राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर अवैध नशे की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु अलग-अलग मुखबिर तैनात किया गया था। जो 22 फरवरी को सूचना मिला कि जुनाशहर रतनपुर व सिलदहा में एक व्यक्ति अपने घर बाड़ी में भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब रखकर बेच रहा है कि सूचना पर थाना रतनपुर से टीम भेजकर तस्दीक कार्यवाही किया जहां जुनाशहर निवासी मेलाराम नेताम के घर के बाड़ी में 15 लीटर कच्ची महुआ शराब रखे मिला, व ग्राम सिलदहा निवासी प्रदीप तिवारी के घर के बाड़ी से 07 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुआए उक्त व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई। व 22 फरवरी को ही एक व्यक्ति के मादक पदार्थ गांजा रखकर ग्राहक तलाश करने की सूचना पर भेंड़ीमुड़ा रतनपुर में रेड कार्यवाही किया गया जो मुखबिर के बताए हुलिया अनुसार संदेही रवि मालिया निवासी मटियारी थाना सीपत से 02 कि.ग्रा. गांजा को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध नारकोटिक एक्ट की कार्यवाही की गई। तथा उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर आज दिनांक को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रतनपुर देवेश सिंह राठौर, सउनि शिव चन्द्रा प्र.आर विकास सेंगर,प्र.आर सत्यप्रकाश यादव आर.आशीष राठौर,कीर्ति पैंकरा, बसंत मानिकपुरी, दीपक मरावी,घनश्याम राठौर, प्रफुल्ल यादव, अजय भारद्वाज का विशेष योगदान रहा। गिरफ्तार आरोपी,मेलाराम नेताम पिता स्व. मनीराम नेताम उम्र निवासी जूनाशहर थाना रतनपुर जिला बिलासपुर , प्रमोद तिवारी पिता प्रदीप तिवारी निवासी सिलदहा थाना रतनपुर जिला बिलासपुर, रवि मालिया पिता गुहाराम मालिया निवासी मटियारी थाना सीपत जिला बिलासपुर छ.ग.।

### सरपंच को एसडीएम ने पद से हटाया

**कोरब।** जिले के जनपद पंचायत पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगानाला की सरपंच पत्रिका खुरसेंगा को सरपंच पद पर कार्य करने के लिए उपयुक्त नहीं मानते हुए पदच्युत कर दिया गया है। इस संबंध में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विहित प्राधिकारी अनुविभाग पाली के द्वारा दर्ज प्रकरण में पारित किए गए आदेश के पालन में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आदेश का पालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही संबंधितों के विरुद्ध वसूली हेतु अलग से प्रकरण एवं उल्लेखित सचिवों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने भी लेख किया गया है।

बता दें कि डोंगानाला सरपंच के विरुद्ध पंचगण एवं ग्रामवासियों के द्वारा पंचायत में हुए अनियमितताओं की जांच तथा धारा 40 की कार्रवाई करते हुए प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विहित प्राधिकारी अनुविभाग पाली के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। शासन एवं जिला मद के निर्माण कार्यों में व्यापक भ्रष्टाचार तथा पंचायत के सामानों को गायब कर देने जैसे गंभीर आरोपों के साथ प्रस्तुत प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय ने कर्तव्यों के निर्वहन में घोर उपेक्षा का दोषी पाया और पद से हटाने का आदेश जारी किया गया।

# न्यायालयों में 9 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

## लोक अदालत में दोनों पक्ष अपने प्रकरणों का करा सकते हैं शीघ्र निपटारा

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 9 मार्च को न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालयए प्रदेश के सभी जिला न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत खंडपीठ द्वारा समझौता योग्य मामलों का आपसी समझौता और राजीनामा से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। प्रकरण की सुनवाई के दौरान पक्षकार और आवेदनकर्ता न्यायालय में उपस्थित हो सकते हैं या फिर जरूरी कार्य के कारण न्यायालय में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं, तो वे वकील के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ सकते हैं और अपनी सहमति दे सकते हैं। उनकी सहमति के आधार पर खंडपीठ द्वारा प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक, बिजली, टेलीफोन आदि के वसूली प्रकरण, दुर्घटना, शमनीय अपराध आदि प्रकरण की सुनवाई की जाती है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट सहित देशभर के न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की संख्या को कम करने और जनता की सहूलियत के लिए कई वर्षों से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता रहा है।

# सामुदायिक भागीदारी के लिए इच्छुक नागरिक स्कूली बच्चों के दे सकते हैं न्योता भोजन

## प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत अब हर स्कूल में बच्चे करेंगे न्योता भोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।



छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने की अभिनव पहल की गई है। शाला अवधि में विद्यार्थियों को भोजन प्रदाय करने के लिए संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना गाईडलाइन में सामुदायिक आधार पर तिथि भोजन के प्रावधान के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में इसे योता भोजन के नाम से लागू करने का निर्णय लिया गया है। न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। न्योता भोजन की अवधारणा सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं अथवा अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकेंगे। न्योता भोजन, स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा,बल्कि यह विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन का पूरक होगा। यह विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। समुदाय के सदस्य ऐसे अवसरों त्यौहारों पर अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते हैं। यह पूरी तरह स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। ध्यान रहे न्योता भोजन शाला में दिये जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि यह केवल शाला में प्रदान किये जाने वाले भोजन का पूरक है।

### न्योता भोजन के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सामग्रियां

प्रदान की जाने वाली सामग्री में शाला के लिये पूर्ण भोजन, कक्षा विशेष के लिये पूर्ण भोजन अथवा अतिरिक्त पोषण आहार हो सकता है। इसके अतिरिक्त पूर्ण या अतिरिक्त पोषण हेतु सामग्री प्रदान की जा सकती है जिसे शाला के रसोईयों के द्वारा बनाकर बच्चों को परोसा जा सकता है। दान-दाताओं द्वारा प्रदान किया जाने वाला खाद्य पदार्थ अथवा सामग्री उस क्षेत्र के खान.पान की आदत फुड हैबिट, के अनुसार होनी चाहिए। पूर्ण भोजन की स्थिति में नियमित रूप से दिये जाने वाले भोजन के समान बच्चों को दाल, सब्जी और चावल सभी दिया जाना है। फल, दूध, मिठाई, बिस्किट्स, हलवा, चिक्की, अंकुरित खाद्य पदार्थ जैसे सामग्री, जो बच्चों को पसंद हो का चुनाव अतिरिक्त पूरक पोषण सामग्री के रूप में किया जा सकता है। पौष्टिक एवं स्वादिष्ट मौसमी फलों का चयन भी पूरक पोषण सामग्री के रूप में किया जा सकता है। मौसमी फल अपेक्षाकृत सस्ते एवं पौष्टिक होते है। शाला में बच्चों से पूछकर भी ऐसे खाद्य पदार्थों की सूची तैयार की जानी चाहिये जो बच्चे न्योता भोजन में खाना चाहते हो। इस सूची को दान-दाताओं को उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जिससे वे बच्चों के पसंद की खाद्य सामग्री का अपने बजट के अनुसार चयन कर बच्चों को न्योता भोजन में उपलब्ध करा सकें। न्योता भोजन हेतु किसी प्रकार की कैश, चेक शाला द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## गुरु रंधावा की कुछ खट्टा हो जाए का गाना राजा-रानी जारी, गायक ने खुद दी आवाज




गायक गुरु रंधावा की फिल्म कुछ खट्टा हो जाए को 16 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।यह फिल्म इसलिए खास है क्योंकि इसके जरिए गुरु ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। हालांकि, यह फिल्म बक्स ऑफिस पर दर्शक जुटाने के लिए संघर्ष कर रही है।अब कुछ खट्टा हो जाए का गाना राजा रानी जारी कर दिया है, जिसे गुरु ने खुद अपनी आवाज दी है। इस गाने के बोल भी उन्होंने ही लिखे हैं। कुछ खट्टा हो जाए में गुरु की जोड़ी सई मांजरेकर के साथ बनी है। अनुपम खेर भी फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।इस फिल्म के निर्देशन की कमान जी अशोक ने संभाली है। फिल्म की कहानी विजय पाल सिंह ने लिखी है।



# कृष्णा कौल अपने काम को कभी हल्के में नहीं लेते : राची शर्मा

कुमकुम भाग्य अभिनेत्री राची शर्मा ने शो में अपने सह-कलाकार कृष्णा कौल की तारीफ करते हुए कहा कि वह अपने काम को कभी हल्के में नहीं लेते, वह हर बार अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं। शो में 20 साल के लीप के बाद अलग हो चुके जोड़े रणबीर (कृष्णा कौल) और प्राची (मुग्धा चापेकर) की बेटियों पूर्वी (राची शर्मा) और खुशी (सिमरन बुधरूप) की यात्रा से आकर्षित हो गए हैं।

पिछले कुछ हफ्तों में कृष्णा और राची ने एक साथ कई सीन शूट किए हैं, जिससे दोनों कलाकरों के बीच काफी अच्छा तालमेल बन गया है। राची ने कृष्णा के साथ काम करने के अपने अनुभव को खुलकर साझा किया, और उन्हें अपने सह-कलाकार के रूप में पाने के लिए अपनी खुशी और आभार व्यक्त किया। अभिनेत्री ने कहा, पूर्वी के किरदार को तलाशने में मुझे काफी मजा आया और कृष्णा के साथ काम करना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। वह न सिर्फ एक प्रतिभाशाली अभिनेता हैं, बल्कि एक स्वागत योग्य सह-कलाकार भी हैं, जिन्होंने वर्षों तक कुमकुम भाग्य की विरासत को जिम्मेदारी से आगे बढ़ाया है। राची ने कहा, मैंने कभी भी उन्हें अपने काम को हल्के में लेते नहीं देखा। वह वास्तव में एक प्रेरणा हैं। वह हर बार अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं। मैं हर दिन उनसे बहुत कुछ सीखती हूं। मुझे वास्तव में लगता है कि मैं इससे बेहतर सह-कलाकार की उम्मीद नहीं कर सकती थी। उन्होंने कहा, ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन हमारे बीच बहुत अच्छा रिश्ता है, मैं उनके साथ काम करने और ऑन-स्क्रीन स्पेस शेयर करने के लिए आभारी हूं।

# रेड ऑफ शोल्डर गाउन में जाह्नवी कपूर का दिखा किलर लुक

## खूबसूरती के मुरीद हुए फैंस

जाह्नवी कपूर बी टाउन की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जिन्होंने अपने ही दम पर एक खास पहचान हासिल कर चुकी हैं. उन्होंने अपनी अदाकारी के साथ-साथ बोल्डनेस और स्टाइलिश लुक्स से भी लोगों को अपना दीवाना बनाया है. आज दुनियाभर के चाहने वाले उनकी एक झलक देखने के लिए बेताब रहते हैं. वहीं एक्ट्रेस भी अपने फोटोज और वीडियोज फैंस के साथ शेयर करना भूलती नहीं हैं.

जाह्नवी कपूर ने कुछ देर पहले ही इंस्टाग्राम पर अपना लेटेस्ट लुक शेयर किया है. उन्होंने अपने बोल्ड अंदाज से एक बार फिर इंटरनेट का पारा हाई कर दिया है. लेटेस्ट फोटोशूट के लिए जाह्नवी ने रेड डीपनेक गाउन पहने नजर आ रही हैं. उन्होंने अपने इस बोल्ड लुक को ओपन हेयर और रेड लिप कलर के साथ पूरा किया है. जाह्नवी इस लुक में बेहद हॉट दिख रही हैं. चाहने वाले उनकी उन पर प्यार लुटाते हुए खूब कमेंट्स कर रहे हैं. फैंस से लेकर कई मशहूर हस्तियों ने भी जाह्नवी को हॉट बताते हुए तारीफ की है. वहीं, कुछ ही देर में उनकी फोटोज पर लाखों लाइक्स आ चुके हैं, जो हर मिनट तेजी से बढ़ते जा रहे हैं. जाह्नवी कपूर के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनके पास कई प्रोजेक्ट्स हैं. जल्द ही उन्हें मिस्टर एंड मिसेज माही टाइटल से बन रही फिल्म में देखा जाने वाला है. इसके अलावा वह देवरा और उलझ फिल्मों में भी नजर आने वाली हैं. जाह्नवी के चाहने वाले उन्हें फिर से पर्दे पर देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं.



# अजय देवगन की फिल्म शैतान से आर माधवन का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज




अजय देवगन की फिल्म शैतान से आर माधवन का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो चुका है. इस पोस्टर में माधवन को पहचाना मुश्किल हो गया है. वह बहुत ही खूंखार और धाकड़ लुक में दिख रहे हैं. शैतान एक सुपरनैचुरल फिल्म है जिसमें अजय देगवन के साथ आर माधवन भी खास रोल में हैं. दिलचस्प बात ये है कि आर माधवन इस बार नेगेटिव रोल में दिखने वाले हैं. जिसे देखना फैंस के लिए भी काफी एक्साइटेड होने वाला है. चलिए दिखाते हैं शैतान से आर माधवन का फर्स्ट लुक पोस्टर. एक दिन पहले ही अजय देवगन ने शैतान से अपना लुक शेयर किया था. जिसे शेयर करते हुए उन्होंने बताया था कि उनकी ये फिल्म सिनेमाघरों में 8 मार्च 2024 को दस्तक देने वाली है. फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा था, जब बात अपने परिवार पर आए, तब वो हर शैतान से लड़ जाता है. इसका मतलब ये कि दृश्यम की तरह एक बार फिर अजय देवगन अपने परिवार को बचाते नजर आएंगे. यहां बदलाव ये होगा कि फिल्म में एक शैतान होगा जिससे वह अपने परिवार की रक्षा करेंगे. कुल मिलाकर अभी तक ये समझ आ रहा है कि ये एक फैमिली ड्रामा हो सकती है. अब आते हैं आर माधवन के लुक पर तो उन्होंने इस पोस्टर को शेयर करते हुए लिखा, मैं हूं शैतान. सिनेमाघरों में 8 मार्च को आ रहा हूं. इस पोस्टर में माधवन को पहचाना मुश्किल हो गया है।

# देशभक्ति-ड्रामा फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन का ट्रेलर रिलीज

## 1 मार्च को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

बॉलीवुड अभिनेत्री मानुषी छिल्लर और वरुण तेज अपनी आगामी फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन को लेकर लंबे समय से सुर्खियों में बने हुए हैं। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंताजर है। ऐसे में आज मंगलवार, 20 फरवरी को मेकर्स ने इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। फिल्म का ट्रेलर बेहद ही शानदार है।




ऑपरेशन वैलेंटाइन का ट्रेलर देशभक्ति की भावना से भरपूर है। फिल्म की कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। मानुषी छिल्लर और वरुण तेज स्टारर ऑपरेशन वैलेंटाइन पुलवामा हमले पर आधारित हैं। फिल्म का ट्रेलर 14 फरवरी 2019 की घटना की याद दिलाता है, जब देश ने अपने 40 जवान आतंकी हमले में खो दिए थे। इसके बाद अपने शहीद जवानों का बदला लेने के लिए भारतीय एयरफोर्स ने पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक की थी।

# शाहिद–कृति की फिल्म ने मचाई धूम, 60 करोड़ के पार हुई कमाई



शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' एक रोबोटिक ड्रामा लव स्टोरी पर बेस्ड फिल्म है. अमित जोशी और आराधना शाह के डायरेक्शन में बनी ये मूवी 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म की ओपनिंग ठंडी रही थी बावजूद इसके 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने अच्छा कलेक्शन कर लिया है. ये फिल्म 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है. चलिए यहां जानते हैं शाहिद कपूर की इस फिल्म का 11वें दिन का कलेक्शन कितना रहा है 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' दर्शकों को भा गई है.

इम्पॉसिबल लव स्टोरी वाली इस फिल्म ने पहले दिन 6.7 करोड़ की कमाई के साथ सुस्त शुरुआत की थी हालांकि इसके बाद शाहिद और कृति फिल्म ने टिकट खिड़की पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली और इसी के साथ खूब नोट भी छाप डाले. फिल्म की कमाई की बात करें तो 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने पहले दिन 6.7 करोड़, दूसरे दिन 9.65 करोड़, तीसरे दिन 10.75 करोड़, चौथे दिन 3.65 करोड़, पांचवें दिन 3.85 करोड़, छठे दिन 6.75 करोड़, सातवें दिन 3 करोड़ कमाए. और इसी के साथ फिल्म के पहले हफ्ते का कलेक्शन 44.35 करोड़ रुपये हो गया है. 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' अब रिलीज के दूसरे हफ्ते में हैं और इसने सेकंड फ्राइडे को 2.85 करोड़, दूसरे शनिवार 5 करोड़ और सेकंड संडे 6 करोड़ की कमाई की. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के 11वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

## खेल




अफगानिस्तान ने श्रीलंका को 3 टी-20 मैचों की सीरीज के आखरी मुकाबले में 3 रन से हराया। इसी के साथ टीम का वाइट वॉश नहीं हुआ और श्रीलंका सीरीज 3–0 के बजाय 2–1 से जीता। दांबुला के मैदान पर बुधवार को अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 209 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका 20 ओवर में 6 विकेट पर 206 रन ही बना सका। अफगानिस्तान के लिए रहमनुल्लाह गुरबाज ने 70 रन की पारी खेली। वहीं, मोहम्मद नबी ने 2 विकेट लिए।

# श्रीलंका ने 2-1 से जीती टी-20 सीरीज

## अफगानिस्तान ने आखिरी मुकाबला 3 रन से जीता, गुरबाज की फिफ्टी

### अफगानिस्तान की शानदार शुरुआत

अफगानिस्तान ने पारी की शानदार शुरुआत की। ओपनिंग करने उतरे हजरतुल्लाह जजई और रहमनुल्लाह गुरबाज के बीच 44 बॉल में 88 रन की साझेदारी हुई। जजई 45 रन बना कर आउट हुए। वहीं, रहमनुल्लाह गुरबाज 70 रन बना कर आउट हो गए। इस साझेदारी की बाद अफगानिस्तान की पारी में कोई बड़ी पार्टनरशिप नहीं हो सकी।

इब्राहिम जादरान 10 रन और करीम जनत पहली ही बॉल पर बिना खाता खोले आउट हो गए। आखिर में ओमरजई और मोहम्मद नबी के बीच 41 रन की साझेदारी हुई, जिसने टीम को 200 के करीब पहुंचाया। पथिराना और धनंजया को मिले 2–2 विकेट




श्रीलंका की ओर से मथीश पथिराना और अकीला धनंजया को 2–2 विकेट मिले। धनंजय ने जादारान और जजई के शुरुआती विकेट दिलाए। वहीं, पथिराना ने ओमरजई और जनत के विकेट लिए। वानिंदु हसरंगा को एक विकेट मिला।

### श्रीलंका का मिडिल ऑर्डर फेल, निसांका रिटायर्ड हर्ट

श्रीलंका का मिडिल ऑर्डर पूरी तरह फेल हो गया। पारी की शुरुआतच पथुम निसांका और कुसल मेंडिस ने की। मेंडिस 16 रन बना कर आउट हुए। वहीं, कुसल परेरा भी 0 रन पर आउट हो गए। निसांका फॉर्म में थे और 60 रन बना चुके थे, लेकिन 9वें ओवर की तीसरी बॉल पर सिक्स मारने के बाद वे हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हो गए। वे रिटायर्ड आउट हो गए।

### कामिंडु मेंडिस मैच क्लोज लेकर गए

समरविक्रमा के बाद छठे नंबर पर आए कामिंडु मेंडिस आखिर तक खड़े रहे,उन्होंने नाबाद 65 रन की पारी खेली और मैच में जान ला दी। आखिरी ओवर में 21 रन की जरूरत थी। हालांकि मेंडिस पूरी कोशिश के बावजूद मैच अपनी ओर नहीं कर सके।

अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को 2 विकेट मिले। वहीं, फरीद अहमद, नूर अहमद और कैस अहमद को 1–1 विकेट मिला।

## एक नजर

# अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने पर मुझे निराशा हुई

## गिल बोले– मानसिकता में कोई बदलाव नहीं, अगले चैलेंज के लिए तैयार हूं

रांची टेस्ट से पहले भारतीय टीम के खिलाड़ी शुभमन गिल ने कहा, मुझे फर्क नहीं पड़ता की बाहर लोग मेरे बारे में क्या बोलते हैं, लेकिन मुझे अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने पर निराशा हुई है। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का चौथा टेस्ट मैच 23 फरवरी से रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में गिल बोले, आपसे निश्चित रूप से कुछ उम्मीदें होंगी कि आप टीम और देश के लिए कैसे खेलना चाहते हैं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि इससे मेरी मानसिकता में कोई बदलाव आया है। मुझे अब भी खुद से वही उम्मीदें हैं। गिल ने आगे कहा, यह आप पर निर्भर करता है कि, आप कितनी तेजी से आगे बढ़ते हैं और अगली चुनौती के लिए तैयार रहते हैं। एक बड़े खिलाड़ी और एक औसत खिलाड़ी के बीच यही अंतर है।



### 11 पारियों में एक अर्धशतक भी नहीं लगा सके थे गिल

शुभमन गिल सीरीज में 252 रन बना चुके है। हैदराबाद में हुए पहले टेस्ट तक गिल लगातार 11 पारियों में एक अर्धशतक भी नहीं लगा सके थे। हालांकि, इसके बाद विशाखापट्टनम में गिल ने 104 रन और राजकोट में 91 रन की पारी खेली थी।

# आखिरी बॉल पर चौका लगाकर ऑस्ट्रेलिया ने जीता पहला टी-20

## टिम डेविड ने 10 बॉल पर 31 रन बनाए; कप्तान मार्श की फिफ्टी

**वेलिंगटन।** ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को रोमांचक टी-20 मुकाबले में 6 विकेट से हरा दिया। आखिरी 3 बॉल पर टीम को 12 रन की जरूरत थी। टिम डेविड ने एक सिक्स जड़ा और फिर 2 रन ले लिए। आखिरी बॉल पर 4 रन की जरूरत थी, डेविड ने चौका लगाया और अपनी टीम को जीत दिला दी। वेलिंगटन के स्काय स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 215 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। फिल एलन और डेवोन कॉन्वे ने न्यूजीलैंड को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने 5 ही ओवर में टीम का स्कोर 60 रन तक पहुंचा दिया। छठे ओवर में फिन एलन 17 बॉल पर 32 रन बनाकर आउट हो गए। कॉन्वे ने फिर रचिन रवींद्र के साथ पारी आगे बढ़ाई। दोनों ने फिफ्टी लगाई और टीम का स्कोर 150 के पार पहुंचा दिया। कॉन्वे 63 और रचिन 68 रन बनाकर आउट हो गए। दोनों ने 113 रन की पार्टनरशिप की।




# श्रेयस ने IPL के लिए रणजी मैच छोड़ा


## खुद को अनफिट बताकर मुंबई टीम से बाहर हुए, NCA ने कहा- अय्यर इंजर्ड नहीं

श्रेयस अय्यर ने बताया कि वह अनफिट होने के कारण रणजी ट्रॉफी नहीं खेल सकेंगे। अब गुरुवार को NCA के स्पोर्ट्स साइंस & मेडिसिन हेड नितिन पटेल ने कहा कि श्रेयस फिट हैं। उन्होंने सिलेक्टर्स को ई-मेल कर बताया कि अय्यर को कोई फ्रेश इंजरी नहीं है और वह फिट हैं।

दूसरी ओर, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारी ने भास्कर को बताया कि श्रेयस IPL की तैयारियों में लगे हैं। वह टूर्नामेंट से पहले इंजर्ड नहीं होना चाहते, इसीलिए घरेलू क्रिकेट से दूर हैं।

### पीठ में इंजरी के कारण रणजी से बाहर हुए

बुधवार को मुंबई ने रणजी ट्रॉफी में क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए अपनी टीम घोषित की।




इसमें श्रेयस का नाम नहीं था। एसोसिएशन ने बताया कि श्रेयस को पीठ में चोट है, इसी कारण वह क्वार्टर फाइनल नहीं खेल सकेंगे। टीम का मुकाबला 23 फरवरी से बड़ोदा के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में होगा। दूसरी ओर इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, नितिन पटेल ने ई-मेल में लिखा, श्रेयस अय्यर इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद ही खेलने और सिलेक्शन के लिए अवेलेबल थे। टीम इंडिया से बाहर होने के बाद उन्हें किसी भी तरह की फ्रेश इंजरी नहीं हुई।

### IPL पर फोकस कर रहे हैं अय्यर

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर भास्कर को बताया कि श्रेयस पीठ में इंजरी के कारण बाहर हुए। लेकिन उनका फोकस फिलहाल IPL पर है। उन्हें 12.25 करोड़ रुपए में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीद कर अपनी टीम का कप्तान बनाया। श्रेयस इंजरी के कारण पिछले सीजन एक भी मैच नहीं खेल सके, इस कारण उन्हें टूर्नामेंट से कोई रकम नहीं मिली। वह इस बार IPL पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं, ताकि वह टीम की कप्तानी करने के साथ सभी मैच भी खेल सके।

# इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स को पिच का अंदाजा नहीं

## रांची टेस्ट से पहले बोले– विकेट पर दरारें बहुत, नहीं जानता यहां क्या होगा

रांची। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने रांची के पिच को देखकर कहा है कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि यह कैसा बर्ताव करेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला रांची में 23 फरवरी से खेला जाना है।



स्टोक्स ने आगे कहा,मैंने पहले कभी भी ऐसा कुछ नहीं देखा है। मुझे कोई अंदाजा नहीं है कि पिच कैसी रहेगी। इसलिए मैं नहीं जानता हूं कि इस पर क्या हो सकता है। यदि आप खासकर भारत में दूसरी जगह की पिचों को देखें तो इससे यह बिल्कुल अलग दिखती है। चेंजिंग रूम से यह हरी भरी दिखती है, पर जब आप यहां आते हैं और इसे देखते हैं तो यह काफी बदली हुई नजर आती है। काफी डार्क और कुछ दरारें भी हैं।

इस सीरीज में अब तक 3 मुकाबले खेले जा चुके हैं। इनमें भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा और टीम इंडिया सीरीज में 2–1 से आगे है। भारत ने पिछले मुकाबले में इंग्लैंड को राजकोट में 434 रनों के बड़े अंतर से मात दी थी।

### रांची टेस्ट से बुमराह और केएल राहुल बाहर

रांची में खेले जाने से चौथे टेस्ट से केएल राहुल ओर जसप्रीत बुमराह बाहर हैं। बुमराह को आराम दिया गया है। केएल राहुल चोट की वजह से बाहर हैं। ऐसे में रजत पाटीदार को एक मौका मिल सकता है।

# कृषक प्रशिक्षण एवं कृषि उपकरण कार्यक्रम में प्रबंधक संचालक ने दी किसानों को जैविक खेती के बारे में जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



प्रबंध संचालक ए.बी.आसना बीज प्रमाणीकरण संस्था छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के मुख्य आतिथ्य में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र रायगढ़ में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं कृषि उपकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसंधान परियोजना एवं अखिल भारतीय समन्वित मूँगफली अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत टीएसपी और एससीएसपी के अंदर 60 किसानों को कृषि उपकरण हैंड आपरेटर स्प्रेयर, कीटनाशक एवं फफूंद नाशक का वितरण किया गया। जिसके फलस्वरूप इस परियोजना के अंदर रायगढ़ जिले के अलग क्षेत्रों के 60 किसान लाभान्वित हुए। प्रबंध संचालक ने किसानों को जैविक खेती के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि फसल परिवर्तन करके किसान कम लागत में अच्छा उत्पादन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश में तिलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ाने की जरूरत है जिससे की किसान आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी निभा सकते है। कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए डॉ.एस.एल.सांवरगांवकर ने किसानों को अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसंधान परियोजना एवं अखिल भारतीय समन्वित मूँगफली अनुसंधान परियोजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी साझा किया। स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.ए.के. सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए किसानों को खेती के विभिन्न बारीकियों के बारे में बताया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ.बी.एस.राजपूत ने किसानों को कृषि उत्पादों का किस प्रकार सुचारु ढंग से मार्केटिंग करके ज़्यादा से ज़्यादा लाभ कमाने के बारे में अपने विचार साझा किए। प्रबंध संचालक एवं किसानों द्वारा धनिया की किस्म के नाभिकीय से प्रजनक बीज उत्पादन के फार्म का भ्रमण किया गया एवं साथ ही साथ क्षेत्र में लगे अन्य फसलों जैसे कि अजवाइन, मूंगफली का भी अवलोकन किया गया। प्रबंध संचालक द्वारा नाभिकीय बीज उत्पादन फसल छत्तीसगढ़ कलौंजी क़िस्म, छत्तीसगढ़ करैत.1, अजवाइन की किस्म छत्तीसगढ़ अजवाइन-1, इसी के साथ साथ मूंगफली की नवीन पहचान की गई जिसमें छत्तीसगढ़ ट्रॉम्बे मूंगफली का बीज उत्पादन का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बीज उत्पादन कार्यक्रम की सराहना की एवं अपने सुझाव रखें। कार्यक्रम में जुड़े वैज्ञानिकों एवं सहायकों को बीज उत्पादन कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार गौतम एवं धन्यवाद ज्ञापन संदीप पैंकरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के स्टॉफ उपस्थित रहे।

## एक नजर

### राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में सीएमएचओ डॉ.आर.एन.मंडावी के दिशा-निर्देशन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के संबंध में बैठक आयोजित हुई। प्रथम चरण का यह अभियान 26 से 29 फरवरी तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में चलाया जाना है। जिसमें पंच, सरपंच की देखरेख में संबंधित क्षेत्र की कार्यकर्ता, मितानिन, एमटी, घर-घर जाकर टी.बी संदेहास्पदों की खोज कर सूची तैयार करेंगे, जिससे उच्च तकनीक द्वारा संदेहास्पद मरीजों की जांच की जाएगी। इस सर्वे के दौरान जो भी सकारात्मक मरीज पाये जायेंगे उनके घर के प्रत्येक सदस्यों का स्क्रीनिंग कर (टी.बी.प्रिवेन्सेन थैरेपी) दी जायेगी। उक्त बैठक में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ.जय कुमारी चौधरी, जिला कार्यक्रम समन्वयक, मितानिन कार्यक्रम डी.सी एवं ब्लॉक स्तर में पदस्थ ब्लॉक समन्वयक मितानिन कार्यक्रम, समस्त एस.टी.एस एवं एनटीईपी कार्यक्रम में कार्यरत स्थानीय समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### अनुग्रह सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर द्वारा जारी आदेश के तहत अनुविभाग रायगढ़ अंतर्गत गायत्री गुप्ता की कोविड-19 कोरोना वायरस से मृत्यु उपरांत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रायगढ़, तहसीलदार रायगढ़ के प्रकरण का परीक्षण पश्चात मृतिका के पुत्र श्रीकांत गुप्ता को 50 हजार रुपये की अनुग्रह सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना: कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 10 मार्च को

शा.महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर होगा परीक्षा

28 फरवरी से प्राप्त कर सकते हैं प्रवेश पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

पं.जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 10 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक शा.महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में आयोजित है। जिन परीक्षार्थियों द्वारा प्रवेश हेतु आवेदन पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त जशपुर में जमा किया गया है उनका प्रवेश पत्र सहायक आयुक्त कार्यालय से तथा जिन्होंने विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा किये है, वे अपना प्रवेश पत्र संबंधित विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से 28 फरवरी से प्राप्त कर सकते है अथवा निर्धारित परीक्षा तिथि को परीक्षा केन्द्र शा.महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर से परीक्षा प्रारंभ होने के डेढ़ घण्टे पूर्व उपस्थित होकर केन्द्राध्यक्ष से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा तिथि को फोटो युक्त पहचान पत्र के साथ परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अ.ज.जा. एवं अ.जा. वर्ग के पात्र वे विद्यार्थी होगें। जिनके पालकों की वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक न होए जशपुर जिले के मूल निवासी हो तथा ग्रामीण अंचल के विद्यालयों में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत हो। गलत जानकारी देकर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी चयन पश्चात भी अपात्र होंगे।

### पतंजलि चिकित्सालय लायंस क्बल स्वर्ण बिंदू प्राशन संस्कार कराएगा आज

**कोरबा।** बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं पतंजलि चिकित्सालय निहारिका के संयुक्त तत्वाधान में नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा पतंजलि चिकित्सालय, महानदी काम्प्लेक्स, दुकान क्रमांक 10, निहारिका रोड कोरबा में दिनांक 22 फरवरी 2024 गुरुवार को अति शुभ गुरु पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार प्रात: 10 बजे से कराया जायेगा।

# डीपाटोली में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कराया गया मुक्त

डीपाटोली निवासी बसंती बड़ाईक को भविष्य में अतिक्रमण न करने की दी समझाईश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





जशपुर विकासखण्ड के ग्राम डीपाटोली में बसंती बड़ाइक द्वारा शासकीय भूमि पर तार द्वारा घेरा कर अतिक्रमण किया गया था। जिससे तहसीलदार के आदेशानुसार नायब तहसीलदार जशपुर, पटवारी एवं पंचायत के सदस्यों की उपस्थिति में अतिक्रमण मुक्त कराया गया। साथ ही बड़ाईक को भविष्य में इस प्रकार अतिक्रमण न करने की समझाईश दी गई।

# राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन अंतर्गत कुल 7 लाख 22 हजार से अधिक लोगों का किया गया परीक्षण

* सिकल सेल के 372 रोगी का किया जा रहा उपचार

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



**जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रारंभ की गई सिकलसेल यूनिट एवं रक्त अंतरण की सुविधा**



जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन अंतर्गत जिले में के 0 से 40 आयु वर्ग की कुल 722599 लोगों का परीक्षण किया गया है। जिसमें 4235 सिकल सेल वाहक एवं 372 रोगी मिले हैं। जिनका उपचार प्रक्रिया प्रारंभ किया जा रहा है। सिकलसेल से पीड़ित लोगों को समग्र उपचार सुविधा उपलब्ध किये जाने हेतु जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सिकलसेल यूनिट एवं रक्त अंतरण की सुविधा प्रारंभ की गयी है। सिकलसेल रोगियों को दिव्यांग प्रमाण-पत्र, प्राथमिकता राशन कार्ड जैसे अन्य प्रावधानित योजनाओं का लाभ दिए जाने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

# जिले के विभिन्न विकास खण्डों में बिजली बिल निवारण शिविर हुआ आयोजित

* विद्युत विभाग द्वारा लोखण्डी, मनोरा, लोधमा, कस्तुरा और बगीचा में शिविर लगाकर किया बिजली संबंधी समस्या का निराकरण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



विद्युत विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखण्डों में शिविर का आयोजन कर लोगों की बिजली संबंधी समस्याओं को निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में जशपुर विकासखण्ड के लोखण्डी, मनोरा विकासखण्ड के मनोरा, कुनकुरी विकासखण्ड के लोधमा, दुलदुला के कस्तुरा और बगीचा के बिमड़ा में बिजली बिल निवारण शिविर का आयोजन किया गया। विद्युत विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में कुल 87 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसका विभाग द्वारा तत्काल निराकरण करने की कार्यवाही की जा रही है।

# अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु नव संकल्प शिक्षण संस्थान और डाईट जशपुर में उम्मीदवारों दी गई जानकारी

ऊंचाई एवं वजन माप कर पात्र उम्मीदवारों को फॉर्म भरने के लिए किया प्रेरित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

नव संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर और डाईट कॉलेज जशपुर में छात्र-छात्राओं को अग्निवीर थल सेना भर्ती के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान ऊंचाई एवं वजन माप कर पात्र उम्मीदवारों का चिन्हांकित के संबंध में बताया गया। साथ ही फॉर्म भरने के लिए प्रेरित किया गया।



# श्री रामलला दर्शन का कोरबा वासियों को मिलेगा लाभ

जिला स्तरीय समिति द्वारा श्रद्धालुओं का किया जाएगा चयन, जिले के सैकड़ों भक्तों को मिलेगा अयोध्याधाम जाने का अवसर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

छत्तीसगढ़ सरकार के बहुप्रतिक्षित श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम, योजना का लाभ अब कोरबा वासियों को मिलेगा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्थानीय निवासियों को अयोध्या धाम यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु शासकीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से श्रीराम लला दर्शन यात्रा योजना लागू किया गया है।

रामलला दर्शन योजना में क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा कलेक्टरों को विस्तृत दिशा.निर्देश जारी किया गया है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का किया जाएगा गठन

जारी निर्देशानुसार रामलला दर्शन यात्रा योजना के तहत यात्रा के लिए हितग्राहियों का चयन एवं अन्य कार्य संपादन के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। सदस्य सचिव जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी साथ ही समिति में सदस्य के रूप में पुलिस अधीक्षक, समाज कल्याण विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सत्कार अधिकारी तथा एक नामांकित सदस्य शामिल होंगे। संयुक्त कलेक्टर अथवा संयुक्त संचालक स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। समिति में नामांकित सदस्य का अनुमोदन जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा किया जाएगा। समिति द्वारा आवश्यक जानकारियां, शिकायत, समस्याओं का निराकरण एवं व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों से चयनित हितग्राहियों को जिला स्तर पर एकत्रित करने के अलावा हितग्राहियों के स्वास्थ्य परीक्षण, टिकिट मुहैया व स्टेशन तक पहुंचाने की व्यवस्था की जिम्मेदारी होगी।

## आवेदन के साथ जमा करना होगा आवश्यक दस्तावेज

अयोध्या धाम जाने हेतु इच्छुक यात्रियों से ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकायों में आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन स्पष्ट हिंदी भाषा में ही भरे जाएंगे। साथ ही 3.5 बाई 3.5 सेमी साइज की नवीनतम रंगीन फोटो प्रथम पृष्ठ पर लगाना होगा साथ ही राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, विद्युत देयक, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड या फिर शासन द्वारा स्वीकार्य कोई अन्य प्रमाण पत्र जमा करना होगा।

## प्रथम चरण में इन भक्तों को मिलेगी प्राथमिकता

जिले के इच्छुक आवेदनकर्ता में प्रथम चरण में 55 वर्ष अथवा उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों को प्राथमिकता के साथ चयन किया जाएगा। इस योजना में भाग लेने वाले की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष व अधिकतम 75 वर्ष होगा। 75 प्रतिशत हितग्राही ग्रामीण क्षेत्रों से तथा 25 प्रतिशत शहरी क्षेत्र के होंगे। प्राप्त आवेदनों में उपलब्ध कोटे के अनुसार यात्रियों का चयन किया जाएगा। साथ ही निर्धारित कोटे से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में यात्रियों का चयन लॉट्री द्वारा किया जाएगा। कोटे के 25 प्रतिशत अतिरिक्त व्यक्तियों की प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जाएगी। चयनित यात्री यात्रा पर नहीं जाने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित व्यक्ति को यात्रा पर भेजने की व्यवस्था होगी। चयनित यात्रियों एवं प्रतीक्षा सूची को कलेक्टर कार्यालय, संबंधित ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के बोर्ड पर चस्पा किया जाएगा। केवल वही व्यक्ति यात्रा में शामिल हो सकेंगे जिनका चयन हुआ है अनाधिकृत व्यक्ति को नहीं ले जाया जाएगा। विभाग के दिशा-निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि 65 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे व्यक्ति, जिसने अकेले यात्रा हेतु आवेदन किया हो, उन्हें अपने साथ एक सहायक को यात्रा पर ले जाने की पात्रता होगी। पति.पत्नी में से किसी एक का नाम यात्रा के लिए चुना जाता है तो उसका जीवन साथ भी यात्रा पर साथ जाने की पात्रता होंगे।

## 146 श्रद्धालु श्री रामलला दर्शन योजना में होंगे शामिल

प्रत्येक यात्रा में यात्रियों की कुल संख्या 850 निर्धारित है। जो अधिकतम 01 हजार तक होने की संभावना है। प्रत्येक यात्रा में कोरबा जिले से 146 श्रद्धालु रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना में शामिल होंगे। चयनित हितग्राहियों को उनके ग्राम पंचायत या नगरीय.निकाय तक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यात्रियों के साथ अनुरक्षक एस्कॉर्ट के रूप में जिले के शासकीय अधिकारी, कर्मचारी को भेजा जाएगा। ये एस्कॉर्ट सम्पूर्ण यात्रा के दौरान यात्रियों व आईआरसीटीसी के अधिकारियों से सतत संपर्क में रहेंगे तथा यात्रा के दौरान यात्रियों के साथ आपसी सामंजस्य स्थापित करेंगे।

## स्वास्थ्य प्रमाण देना होगा

यात्रियों के मेडिकल सर्टिफिकेट के अभाव में कोई यात्रा हेतु यात्री रवाना नहीं हो सकेगा। ब्लड ग्रुप, ब्लड प्रेशर, अस्थमा, एलर्जी, मधुमेह आदि का भी उल्लेख करना होगा ताकि यात्रा के दौरान मेडिकल सहायता की आवश्यकता होने पर मदद की जा सके। यात्री अपने स्वास्थ्य संबंधी दवाइयां स्वयं रखेंगे। चिकित्सक यात्रा हेतु यात्रियों का शारीरिक व मानसिक रूप से सक्षम होने का प्रमाण देंगे। मेडिकल टेस्ट में अनफिट पाए जाने गए यात्रियों के स्थान पर प्रतीक्षा सूची में शामिल व्यक्तियों को भेजने की व्यवस्था की जाएगी। पर्यटन विभाग द्वारा जारी निर्देश में बताया गया है कि श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम, के तहत जाने वाले यात्री अपने साथ महंगे आभूषण, गहने आदि ले जाने पर प्रतिबंध होगा। यात्रियों को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े रखेंगे तथा सामान की सुरक्षा स्वयं करेंगे। तीर्थ स्थल पर जाने वाले यात्रियों को मर्यादा के अनुसार आचरण करेंगे तथा वेषभूषा शालीन एवं पारंपरिक रखेंगे।

## योजना के क्रियान्वयन की तैयारी शुरू करने के निर्देश

सचिव छत्तीसगढ़ शासन पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरों को हितग्राहियों का चयन कर यात्रियों की सूची छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग को भेजी जाएगी। जिसके बाद विभाग द्वारा अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। यात्रा की तिथियां और जरूरी जानकारी समय से पहले यात्रियों के साथ साझा कर दी जाएगी।

# केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की रोक,आखिर क्यों हो रहा अवैध ईंट का निर्माण

## क्षेत्र में अवैध ईंट निर्माण से सरकार को लग रहा हर साल लाखों के राजस्व का चूना

जोहार छत्तीसगढ़- गरियाबंद।

केन्द्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के रोक के बावजूद देवभोग और मैनपुर ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध ईंट भट्टे का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है एक और प्रशासन इसे रोकने में नाकाम है तो दूसरे और अवैध कारोबारी भी नियमों को ताक में रखकर अपना कारोबार चमका रहे हैं। देवभोग क्षेत्र में करलागुडा डोंगरीगुडा, गिरसूल नाला बरकानी, दीवानमुड़ा सहित क्षेत्र में सैकड़ों ऐसे जगह हैं जहां कारोबारी हर साल ईंट भट्टे के कारोबार से लाखों रूपये अर्जित करते हैं पर राजस्व के नाम सरकार को फुटी कौड़ी तक नहीं देते हैं। ऐसा इसलिये करते हैं क्योंकि स्थानीय प्रशासन कार्रवाई करने रूचि नहीं लेती है और आला अधिकारी से मिलीभगत कर अपने इस अवैध कारोबार को अंजाम देते हैं देवभोग क्षेत्र में डोंगरीगुडा, गिरसूल नाला और करलागुडा में बड़ा कारोबार चल रहा है।



### बीते पांच वर्षों में प्रशासन ने नहीं की कार्रवाही राजस्व वसूली शून्य

प्रशासन की नाक के नीचे अवैध ईंट का कारोबार बीते कई वर्षों से बेखौफ चल रहा है प्रशासन को पता है अवैध ईंट भट्टे का निर्माण हो रहा है पर आज तक कोई ठोस कार्रवाही नहीं हो सका है हालांकि तहसीलदार गेंदलाल साहू ने कहा क्षेत्र में चल रहे ईंट भट्टे का परमिशन नहीं है चल रहे अवैध कारोबार पर प्रशासन जल्द कार्रवाई करेगी। वही बीते कई वर्षों से कारोबार चल रहा है मगर प्रशासन ने कभी बड़ी कार्रवाई नहीं की है।

### क्षेत्र में चिमनी से नहीं बल्कि पेड़ काटकर जलाया जाता है ईंट,पर्यावरण प्रदूषण का खतरा

अगर हम वन एवं पर्यावरण संरक्षण नियमों को देखें तो पेड़ों की कटाई करना नियमों के विरूद्ध है कारोबारी इस नियम की धज्जी उड़ा रहे हैं। वही ईंट भट्टे को पकाने चिमनी का प्रयोग करना होता है पर क्षेत्र भर में चिमनी का प्रयोग शून्य है क्षेत्र के सभी भट्टे जंगल या खेतों के पेड़ों को काटकर जलाया जाता है जिससे पर्यावरण संरक्षण को खतरा बना हुआ है और भट्टों के धुओं से प्रदूषण भी पांव पसार रहा है।

### कार्रवाई का अधिकार तीन विभाग को पर रायल्टी वसूली में नहीं ले रहें रूचि

लाल ईंट के अवैध निर्माण को रोकने वन,राजस्व और खनिज विभाग को अधिकार है और ये तीनों विभाग लाल ईंट निर्माण को बंद या रायल्टी की वसूली कर सकते हैं और लाल या कच्चे भट्टे के लिये कारोबारी को पर्यावरण और खनिज विभाग से अनुमति लेना जरूरी होता है पर क्षेत्र भर में हो रहे निर्माण में नियमों को धत बताकर बेखौफ अवैध कारोबार चला रहे हैं। विभागों की अनदेखी इतनी की ईंट कारोबारियों को प्रशासन का खौफ नहीं है।

### चिमनी वाले भट्टे को शर्तो के आधार पर खनिज विभाग देता है परमिशन

साधारणतः क्षेत्र में अवैध तरीके से चलने वाले हाथ भट्टे पर पूर्णतः प्रतिबंधित है। चिमनी वाले भट्टे के लिये खनिज विभाग शर्तो के आधार पर परमीशन देता है यह बड़े स्तर का होता है इसके लिये कम से कम 10 एकड़ जमीन का होना अनिवार्य होता है और इसके अनुमति में कागजात तैयार करने करीबन 1 लाख और कारोबार के लिये कम से कम पचास लाख रूपये की आवश्यकता होती हैं इसलिये कारोबारी इसके लिये रूचि नहीं लेते हैं। इसलिये अब तक जिले भर एक भी चिमनी भट्टा नहीं है।

### कुम्हार को मिले छूट का लाभ रसूकदार को और काम करने वाले मजदूरों का पंजीयन तक नहीं

परम्परागत कारोबार को दृष्टिगत रखते हुये सरकार ने कुम्हार को कच्चे ईंट निर्माण का छूट दिया है क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर इस सम्प्रदाय के लोग ईंट निर्माण के बड़े कारोबारी को करने असक्षम है तो वहीं कुम्हार को मिले इस छूट का लाभ रसुकदार उठा रहे हैं। नियमानुसार ईंट ठेकेदारों को भट्टे में काम करने वाले मजदूरों का पंजीयन कराना अनिवार्य होता है क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित भट्टों में कहीं भी मजदूरों का पंजीयन नहीं है। और मजदूर की आयु भी अठारह वर्ष से अधिक होनी चाहिए परन्तु अधिकांश भट्टों में बाल श्रमिकों को काम करते देखा जाता है।

---

## एक नजर

### सरस्वती शिशु मंदिर हालाहुली ने किया अवैध अतिक्रमण, उठने लगी जांच की मांग



जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।

हालाहुली निवासी राघवेंद्र राठौर ने नायब तहसीलदार खरसिया को ज्ञापन दिया है। जिसमें बताया है की सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हालाहुली के संचालक मंडल एवं प्राचार्य द्वारा शाला का संचालन अपने भवन में किया जाता है किंतु इनके द्वारा शासकीय मद की लगभग एक एकड़ भूमि पर अवैध तरीके से खेलकूद बाउंड्री व 4-5 कमरा तथा शौचालय निर्माण कर अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिससे शासन को काफी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उक्त शाला के बगल में पूर्व में होम्योपैथिक सामुदायिक भवन शासन की योजना द्वारा बनाया गया था। जिसमे भी उक्त शाला के प्राचार्य द्वारा कब्जा अतिक्रमण कर लिया गया है। राघवेंद्र राठौर ने जांच की मांग करते हुए बताया की उक्त शाला द्वारा अवैध निर्माण जो शासकीय भूमि व सामुदायिक भवन पर किया गया है। उसकी जांच कर उसे तोड़वाया एवं अतिक्रमण को हटाया जाना उचित एवं न्याय संगत होगा।

### लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में मनाया गया संकल्प दिवस

जोहार छत्तीसगढ़ - बेमेतरा।



संकल्प दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में समस्त प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर संकल्प दिवस मनाया ।

समस्त विद्यार्थियों ने इस अवसर पर चर्चा और भाषण में भाग लिया कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक अंकित कुमार द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर एवं संकल्प दिवस के विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला गया कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहेकार्यक्रम की समाप्ति पर डॉ टिकेंद्र वर्मा जी ने आभार व्यक्त कर विद्यार्थियों को अपना संकल्प सदैव याद रखने की प्रेरणा दी।

### ढाबा में रखकर अंग्रेजी गोवा शराब व देशी शराब रखकर बिक्री करने के आरोप में 2 गिरफ्तार

**कोरबा।** कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री द्वारा अवैध शराब पर प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हरदीबाजार निरीक्षक मृत्युंजय पाण्डेय के नेतृत्व में हरदीबाजार क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में मुखबीर सूचना मिली कि ग्राम सरईसिंगार चौंक में स्थित गुड्डा ढाबा संचालक वासुदेव जायसवाल द्वारा अपने ढाबा में भारी मात्रा में शराब रखकर विक्रय कर रहा है। सूचना पर हमराह स्टॉफएवं गवाह के साथ लेकर मौके पर जाकर रेड कार्यवाही करने पर कथित आरोपी के द्वारा अपने काउंटर के नीचे रखा पाया गया। जिसके अंतर्गत अंग्रेजी गोवा शराब एक सफेद रंग की बोरी में भरी गोवा विस्की अंग्रेजी शराब 40 पाव (40-180 ) 7.200 लीटर, एक सफेद रंग की बोरी में भरी देशी शराब 50 पाव (50-180 ) 9.000 लीटर एवं ढाबा के एक कर्मचारी कथित आरोपी के कमरे में रखे तखत के नीचे एक सफेद रंग की बोरी में भरा देशी शराब 45 पाव (45-180 ) 81.000 लीटर कुल जुमला 24.300 लीटर शराब को बरामद कर जप्त किया गया।

---

## सडक निर्माण कंपनी श्रीजी का बिल पास नहीं होने से सड़क निर्माण में हो रही देरी

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।

श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जो कि इन दिनों पत्थलगांव से खरसिया तक का सडक निर्माण कार्य कर रही है। पूरे सड़क निर्माण के लिए लगभग 200 करोड़ रूपये का टेंडर हुआ था। जिसे श्रीजी द्वारा विनायक कंस्ट्रक्शन से करवाया जा रहा है, कुछ दिन पहले सड़क निर्माण में अच्छी तेजी देखने को मिली थी। लेकिन फिर अचानक निर्माण कार्य धीमा पड़ गया।

ठेकेदार का बिला पास नहीं होने के कारण निर्माण कार्य धीमा पड़ने लगा है। श्रीजी कंपनी का बिल लोक निर्माण विभाग रायगढ़ से किसी कारणवश भुगतान नहीं किया जा रहा है। श्रीजी कंपनी द्वारा लोक निर्माण विभाग रायगढ़ को बिल के लिए पत्र लिखा गया है। उस पत्र मे कंपनी के तरफ से कहा गया हैं कि 6 फरवरी 2024 को 19 वा आर ए बिल जमा कर दिया गया हैं जिसका भुगतान उन्हें नहीं मिला हैं जिससे परियोजना के काम मे देरी हो रही हैं और उन्हें जानकारी मिली है कि उनका बिल रायगढ़ द्वारा पास कर दिया गया है पर पैसे नहीं मिलने के कारण बहुत सारी समस्याएं उत्पन्न हो रही है। निर्माण कार्य में लगे गाड़ियों के मरम्मत कार्य मे दिक्कत हो रही, गाड़ियों मे प्रतिदिन हजारो रूपये का डीजल उपयोग होता है जो बिल नहीं मिलने के कारण प्रभावित हो रही है। ऐसे और भी कई सारी बाधा उत्पन्न हो रही है।

---

## सामुदायिक भागीदारी के लिए इच्छुक नागरिक स्कूली बच्चों के दे सकते हैं न्योता भोजन

### * प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत अब हर स्कूल में बच्चे करेंगे न्योता भोजन

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़-बिलाईगढ़।

छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने की अभिनव पहल की गई है।

शाला अवधि में विद्यार्थियों को भोजन प्रदाय करने के लिए संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना गाईडलाइन में सामुदायिक आधार पर तिथि भोजन के प्रावधान के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में इसे योता भोजन के नाम से लागू करने का निर्णय लिया गया है। न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। न्योता भोजन की अवधारणा सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं अथवा अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकेंगे। न्योता भोजन, स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा,बल्कि यह विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन का पूरक होगा। यह विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। समुदाय के सदस्य ऐसे अवसरों त्यौहारों पर अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते हैं। यह पूरी तरह स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। ध्यान रहे न्योता भोजन शाला में दिये जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि यह केवल शाला में प्रदान किये जाने वाले भोजन का पूरक है।

### न्योता भोजन के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सामग्रियां

*प्रदान की जाने वाली सामग्री में शाला के लिये पूर्ण भोजन, कक्षा विशेष के लिये पूर्ण भोजन अथवा अतिरिक्त पोषण आहार हो सकता है। इसके अतिरिक्त पूर्ण या अतिरिक्त पोषण हेतु सामग्री प्रदान की जा सकती है जिसे शाला के रसोईयों के द्वारा बनाकर बच्चों को परोसा जा सकता है। दान-दाताओं द्वारा प्रदान किया जाने वाला खाद्य पदार्थ अथवा सामग्री उस क्षेत्र के खान.पान की आदत फुड हैबिट, के अनुसार होनी चाहिए। पूर्ण भोजन की स्थिति में नियमित रूप से दिये जाने वाले भोजन के समान बच्चों को दाल, सब्जी और चावल सभी दिया जाना है। फल, दूध, मिठाई, बिस्किट्स, हलवा, चिक्की, अंकुरित खाद्य पदार्थ जैसे सामग्री, जो बच्चों को पसंद हो का चुनाव अतिरिक्त पूरक पोषण सामग्री के रूप में किया जा सकता है। पौष्टिक एवं स्वादिष्ट मौसमी फलों का चयन भी पूरक पोषण सामग्री के रूप में किया जा सकता है। मौसमी फल अपेक्षाकृत सस्ते एवं पौष्टिक होते है। शाला में बच्चों से पूछकर भी ऐसे खाद्य पदार्थों की सूची तैयार की जानी चाहिये जो बच्चे न्योता भोजन में खाना चाहते हो। इस सूची को दान-दाताओं को उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जिससे वे बच्चों के पसंद की खाद्य सामग्री का अपने बजट के अनुसार चयन कर बच्चों को न्योता भोजन में उपलब्ध करा सकें। न्योता भोजन हेतु किसी प्रकार की कैश, चेक शाला द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।*

---

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुणवत्ता संचलन 25 फरवरी को

जोहार छत्तीसगढ़- गरियाबंद।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गरियाबंद में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुणवत्ता संचलन रखा गया है जिला टोली ने इसे 25 फरवरी को सम्पन्न करना तय किया है।




संघ के जिला कार्यवाह चन्द्रशेखर नागेश ने जानकारी देते हुये बताया प्रांत के निर्देश पर प्रत्येक जिलों में गुणवत्ता संचलन करना है इसके लिये गरियाबंद के जिला टोली की वर्चुअल बैठक आयोजित कर 25 फरवरी दिन रविवार को निश्चित की गयी है स्वयंसेवक प्रत्येक माह अभ्यास वर्ग रख संचलन का अभ्यास करते हैं और अपने अभ्यास का जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करते हैं। चंद्रशेखर ने जानकारी देते हुये बताया आगामी 25 फरवरी को सुबह साढ़े दस बजे जिले के सभी खण्ड मण्डल जिला और जिले में निवासरत स्वयंसेवको का सरस्वती शिशु मंदिर गरियाबंद में एकत्रीकरण होगा और संचलन दोपहर 3 बजे नगर में निकलेगी जिसके लिये संघ के दायित्ववान कार्यकर्ता तैयारी में जुट गये है।

---

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

### पूर्व जेलों के विस्तार एवं नवीन जेलों के निर्माण के संबंध में हुई चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।



माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश के परिप्रेक्ष्य में तथा सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर का आदेश द्वारा नोटिफाईड की गई, कमेटी की प्रथम बैठक 21 फरवरी को अपरान्ह में जिला न्यायालय, रायगढ़ के सभागार में जिला न्यायाधीश अरविन्द कुमार सिन्हा, अध्यक्ष जिला स्तरीय समिति की अध्यक्षता में स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा, संयोजक/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित की गई। उक्त बैठक में गठित समिति के अन्य सदस्य कार्तिकेया गोयल, कलेक्टर रायगढ़, लाल कुमार चौहान कलेक्टर, सारंगढ़-बिलाईगढ़, दिव्यांग पटेल पुलिस अधीक्षक रायगढ़ एवं मनीष कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़,एस.पी.कुर्रे, उपजेल अधीक्षक, रायगढ एवं संदीप कश्यप, उपजेल अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़ की सदस्यता में संपत्र हुई। समिति के उक्त सदस्यों के अतिरिक्त कमलेश जगदल्ला, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दीपक कुमार कोशले, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रायगढ़ तथा पारूल श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सारंगढ-बिलाईगढ़ भी शामिल रहे। बैठक में जेलों में उपलब्ध बुनियादी ढांचे का आंकलन करने, निर्मित की जाने वाली अतिरिक्त जेलों की संख्या पर विचार करने, मॉडल जेल मैन्युअल, 2016 में निर्धारित मानक को पूरा करने के लिये मौजूदा जेलों की वर्तमान क्षमता और अधिक जेलों के निर्माण या मौजूदा जेलों की क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता का आंकलन करने, आर्टिफिशियल इंटीलेजेन्स को शामिल करने एवं बंदियों से मुलाकात एवं डेली मेडिकल सुविधाओं के संचालन के लिये विडियो कान्फ्रेन्सिंग की शुरूआत पर विचार करने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित जिला जेल रायगढ़ एवं उपजेल सारंगढ़ के उपस्थित जेल अधीक्षक द्वारा वर्तमान में जेल में अधिकतम बंदियों की क्षमता, वर्तमान स्थिति तथा आवश्यकता से अवगत कराया गया।

बैठक में समिति के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश तथा कार्तिकेया गोयल सदस्य/कलेक्टर रायगढ़ एवं लाल कुमार चौहान, सदस्य/कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ द्वारा वर्तमान स्थित दोनों जेलों के संबंध में वहाँ के उपजेल अधीक्षक को आगामी 50 वर्षों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नवीन केन्द्रीय/ जिला/ उपजेल नियमावली 2016 के अनुसार जेलों की वर्तमान क्षमता, उपयोग और भविष्य की मांगों के आधार पर जेलों के भीतर मौजूदा जेलों के विस्तार और नई जेलों की स्थापना के लिये भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता की जॉच कर आवश्यक कदम उठाने तथा उक्त पर प्रस्ताव तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया जिसमें कैदियों की अधिकृत जनसंख्या क्रमशः 1000, 500 एवं 200 कैदियों पर आधारित पृथक प्रस्ताव तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके आधार पर प्रशासन द्वारा उक्त समस्त बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए, भूमि अधिग्रहण एवं बजट पर निर्धारण आगामी बैठकों में किया जा सके।

# बदहाल शिक्षा व्यवस्था से बच्चो कैसे संवारे अपना भविष्य

## शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों के भविष्य से किया जा रहा खिलवाड़

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।








**दो शिक्षिकाओं से परेशान होकर ग्रामीणों ने की हटाने की मांग**

गुणवत्ताहीन शिक्षा न देशहित में है और न शिक्षण संस्थानों के और न ही विद्यार्थियों के अफसोस है कि जिले में शिक्षा व्यवस्था का हाल बेहाल है। सरकार स्तर सुधारने के लिए पानी की तरह पैसा बहाती है। इसके बावजूद शिक्षा की बदहाली एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। मामला विकासखंड घरघोड़ा के प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला फगुरम के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है विगत लगभग 13 वर्षों से कार्यरत शिक्षिकाओं द्वारा ना तो बच्चों को पढ़ाया जा रहा है और ना ही सही समय पर विद्यालय आकर अनुशासन का पालन नहीं किया जा रहा है विडंबना यह है कि कक्षा पहली से कक्षा आठवीं तक के बच्चों को मात्रा व पहाड़ा व शब्द ज्ञान नहीं आ रहा है इस बात को पालक या गांव के अन्य व्यक्तियों के द्वारा बोले जाने पर पूर्व में शिक्षकों द्वारा पुरुषों के खिलाफ छेड़खानी एवं गंदे-गंदे आरोप लगाकर झूठी रिपोर्ट दर्ज कराया गया था और जब भी सुधार की बात कही जाती है शिक्षिकाओं द्वारा यह धमकी बार-बार गांव वालों को दी जाती है गणतंत्र दिवस के मौके पर समस्त ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधियों को सम्मान पूर्वक आमंत्रित किया गया था कार्यक्रम के दौरान बीच में ही शिक्षिका टेरेसा चौहान द्वारा कार्यक्रम को मंच में चढ़कर बंद कर दिया गया वहां उपस्थित जनप्रतिनिधियों के पूछने पर शिक्षिका टेरेसा चौहान ने कहां गया मेरा स्कूल है मैंने बंद किया है इसमें पूछने वाले आप कौन हैं इतना कह कर लड़ाई शुरू कर दिया गया वहां उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों बीडीसी पंच सरपंच को गाली देते हुए शिक्षिका निशा डनसेना एवं शिक्षिका टेरेसा चौहान ने चप्पल से मारने की बात कही गई व प्रधान पाठक देवांगन को बेटे से मारने की बात कही गई एवं मेरा कोई कुछ नहीं कर सकते कहकर धक्का मुक्की करने लगी पहले कई बार मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिलाओं से भी लड़ाई-झगड़ा कर चुके हैं।



### क्या कहते शिक्षक

** हमें हटाने झूठे इल्जाम लगाए जा रहे हैं हमारे साथ बीडीसी लता खुटे बत्तमीजी कि अब गांव के कुछ लोगों के साथ मिलकर मानसिक दबाव बना रहे व सस्पेंड करने कि धमकी दि जा रही है।*

**टेरेसा चौहान, प्रधान पाठक**

** लता खुटे द्वारा हमारे साथ स्कूल परिसर में 26 जनवरी को बतमीजी कि गई अब झूठे शिकायत कर हमें सस्पेंड करने धमकी दी जा रही है।*

**निशा डन्सेना, शिक्षक**

### ग्रामीणों का क्या कहना

** जब तक यह दोनों शिक्षिकाओं को इस स्कूल से नहीं हटाया जाता है तो हम अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे और आगे भी हमारा आंदोलन चलता रहेगा।*

### क्या कहते हैं प्रधान अध्यापक

*किशोर कुमार देवांगन प्रधान अध्यापक, टेरेसा चौहान और निशा डनसेना कि शिकायत कई बार ऊपर की जा चुकी है पर इन पर किसी प्रकार का कार्यवाही नहीं कर इनकी हौंसला को बुलंद किया जा रहा है। जिस वजह से आज हमारे स्कूल का नाम पूरे जिले में बदनाम हो रहा है। अगले महीने बच्चों का वार्षिक परीक्षा होने वाला है पर इन परिस्थितियों को देखकर मुझे बच्चों की पढ़ाई की चिंता है।*

### क्या कहते विकासखंड शिक्षा अधिकारी

*जांच प्रस्तावित है जल्द ही समस्या का निराकरण किया जाएगा।*

# मवेशी तस्करी पर छाल पुलिस की बड़ी कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




प्रदेश में नयी सरकार बनने के बाद गौ रक्षा को लेकर चौतरफा दबाव बनाया जा रहा है। हाल ही में गौ रक्षा वाहिनी समिति के प्रदेश अध्यक्ष केदार साहू ने गौ माता की कृपा से भाजपा की सरकार बनने की दुहाई देते हुए राज्य में गौ तस्करी व गौ हत्या पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग को लेकर सीएम व अन्य अधिकारियों से पत्राचार किया था। इस कड़ी में अब जमीनी स्तर पर कार्रवाई की कवायद शुरू हो गई है। जिले के छाल पुलिस थाना क्षेत्र में गौ वंश से भरे एक पिकअप वाहन को जब्त किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक इस पिकअप में दर्जन भर गौ वंश की तस्करी की जा रही थी। इस मामले में दुखद पहलू यह है कि मवेशियों के अवैध परिवहन के दौरान करीब 4 गौ वंश की मौत हो गई।

इस मामले में पुलिस आगे की जांच कार्रवाई कर रही है। इस पूरे मामले में मिली अधिक जानकारी के मुताबिक छाल थाना क्षेत्र में मवेशी तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है। जिसमें मवेशियों से भरे वाहन को पुलिस ने जब्त कर लिया है। यह मामला रायगढ़ जिले के छाल थाना क्षेत्र का है। जहां सुबह खरसिया से धरमजयगढ़ की ओर एक पिकप वाहन तेज रफ्तार से जा रही थी। जिसे देखकर छाल पुलिस को शंका हुई कि और वाहन का पीछा करने लगी। तब कूड़ेकेला के पास वाहन चालक गाड़ी को सड़क किनारे छोड़कर भाग निकला। जिसके बाद वाहन में ढके तिरपाल को हटाने पर पुलिस के होश उड़ गए। क्योंकि पिकप में 12 गौवंश बेरहमी से भरा हुआ था। जिन्हें उतारने के बाद पता चला की 4 गौवंश की मौत हो चुकी थी। घटना में शामिल वाहन टाटा पिकप क्रमांक सीजी 14 एमआर 8735 को जप्त कर छाल पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।




# छाल क्षेत्र में वन विभाग का जमीन कब्जाने का लम्बे समय से चल रहा खेल

## वन विभाग मौन क्यों?

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज में कही ना कही से गैरकानूनी रूप से जमीन कब्जाने का खबर सामने आती रहती है। जिसपर वन विभाग कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम किदा में सामने आया है। गांव के पास ही ग्रामीणों द्वारा वन भूमि कब्जाने का खेल चल रहा है जिसकी जानकारी वहा कि बीट गार्ड मनमोहन को होने के बाद भी बीट गार्ड द्वारा किसी भी प्रकार का कोई कार्यवाही नहीं किया जा रहा है। जंगल के पेड़ों को काट कर कई एकड़ जमीन कब्जाने का खेल चल रहा हैं जिसके सबूत वहा मौजूद है। जमीन को कब्जा करने के लिए जंगल के पेड़ों को काट दिया गया साथ ही वहा जमीन कि सफाई करने का काम भी चालु हो गया है। सबसे बड़ी बात तो यह हैं कि वहा वन विभाग द्वारा बनाया मुनारा भी मौजूद है जिससे साफ प्रतीत होता है कि यह खेल वन विभाग के जमीन पर खेला जा रहा है।



### क्या कहते हैं बीट गार्ड मनमोहन

*जब बीट गार्ड मनमोहन से इस संबंध में पुछा गया तो उन्होंने बताया कि यह लम्बे समय से चल रहा है क्या कर सकते हैं मेरे से पहले के बीट गार्ड थे उस समय से यह चल रहा जिसपर पहले शयद कार्यवाही किया गया था और यह बहुत पहले से चलते आ रहा है, अभी मेरे द्वारा कब्जा करने वालों को मना कर दिया गया है साथ ही बताया कि वहा बस पेड़ का ठूठ ही है साथ ही उसमे गड्ढा खुदवा दिया गया हैं आने वाले समय में उसमे पौधा रोपण किया जायेगा और इसकी जानकारी अपने अधिकारी को दे दिए हैं।*

# सड़क की धीमी निर्माण को लेकर ज्ञापन देने गया ग्रामीण पर भड़के इंजीनियर

जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।




धरमजयगढ़ में सड़क का मुद्दा जनता के लिए बहुत बड़ा सिरदर्द बन गया हैं खराब सड़क को लेकर क्षेत्रवासियों को बहुत ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनता द्वारा प्रशासन को कई बार सड़क को जल्द बनाने की मांग किया किया गया। पर यहां के अधिकारी इसपर ध्यान नहीं दें रहे हैं जिसके कारण आज फिर बायसी कॉलोनी के लोग सड़क को लेकर एसडीएम धरमजयगढ़ के पास ज्ञापन देने आये थे पर एसडीएम कि अनुपस्थिति में तहसीलदार भोज कुमार डहरिया को अपनी समस्या से अवगत करवाया गया। तहसीलदार द्वारा तत्काल लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर गौरव शर्मा को बुलाकर सड़क मामले में जनता कि समस्या सुनने को कहा गया तब इंजिनियर गौरव शर्मा द्वारा आश्वासन दिया गया कि 30 दिनों के भीतर प्रेमनगर तक के सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण हो जायेगा जिसके बाद उपसरपंच रामचंद्र विश्वास द्वारा कहा गया कि आप 35 दिनों का समय ले लीजिए पर आप लिखित मे दीजिए जिससे हमें आप पर विश्वास हो जाए कि आप हमारी समस्याओं का समाधान 35 दिनों में करा देंगे। तब सुभीर विश्वास ने कहा कि पिछले कई सालो से अधिकारियो द्वारा ऐसी बाते कही जा रही है पर आज सड़क निर्माण का टेंडर कुछ ही दिन बचा है, और आज तक निर्माण कार्य पूरा ना हो सका तब इंजीनियर लिखित में देने को तैयार नहीं हुए। उल्टा इंजिनियर द्वारा कहा गया उनके पहले के इंजीनियर चौहान द्वारा पहले डीबीएम कार्य करवाया गया हैं जिसका जिम्मेदार मैं नहीं हूँ बायसी से प्रेमनगर के बीच पहले डीबीएम का काम हो चूका था जिसको अभी उखड़ा जा चूका है। गांव वालों ने कहा कि असलियत में पुराना डीबीएम उखड़ा ही नहीं गया है। आप चलिए हमारे साथ हम आपको दिखाएंगे तभी कुछ लोगो ने कहा कि ज़ब उनके द्वारा चक्का जाम किया गया था तब इंजीनियर को देखे थे उसके बाद नहीं दिखे आज तक। इस बात पर पीडब्लूडी इंजीनियर गौरव शर्मा भड़क गए तब उनकी गाँव वालों से बहस होने लगी जिसके बाद गुस्से मे आकर सीधे कह दिए कि मैं सड़क नहीं बनवाऊंगा जो करना है कर लो आप लोग अपना सडक खुद ही बनवा लो या जिससे चाहो उसी से बनवा लो।



# आयुष्मान कार्ड प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित हुए 71वर्षीय गयाराम साहू

जोहार छत्तीसगढ़ - बेमेतरा।



आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिला चिकित्सालय बेमेतरा में 71वर्षीय गयाराम साहू का घुटना प्रत्यारोपण का नि:शुल्क सफल ऑपरेशन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व सिविल सर्जन डॉ संत राम चुरेन्द्र के मार्गदर्शन में आर्थो सर्जन डॉ शिल्प वर्मा द्वारा किया गया ।71 वर्षीय गयाराम साहू ने बताया कि वे वर्तमान में आदर्श नगर दुर्ग में निवास करते है। घुटना की समस्या से बहुत लम्बे समय से परेशान थे प्राइवेट अस्पताल में लगभग 2 से 3 लाख रु. का खर्च बताया गया था ।जो कि वहन करने में असमर्थ था। आयुष्मान भारत योजनांतर्गत कार्ड से मेरा नि:शुल्क ईलाज हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व सिविल सर्जन डॉ संत राम चुरेन्द्र व आर्थो सर्जन डॉ शिल्प वर्मा ने जानकारी दिया कि ऑपरेशन के बाद मरीज को वाकर के सहारे चलाकर देखा गया व मरीज पूर्णत: स्वस्थ्य हैं ।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संत राम चुरेन्द्र ने अपील किया कि कि ऐसे ए0पी0एल0 एवं बी0पी0एल0 राशन कार्डधारी परिवारों जिन्होने अपना आयुष्मान कार्ड (ई-कार्ड) नहीं बनवाया हैं ।अतिशीध्र अपना व अपने परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड (ई-कार्ड) बनवाये। जिससे कि उन परिवार अथवा परिवार के सदस्यों को अपने राशनकार्ड के अनुसार स्वास्थ्य सहायता की पात्रता की जानकारी भलीभांति हो सके एवं आपात स्थिति में परिवार या सदस्य, स्वयं आसानी से निर्णय ले सकें कि उन्हें किस श्रेणी के पंजीकृत अस्पताल (शासकीय/निजी) में ईलाज प्राप्त करना हैं, ।साथ ही उन्हें ईलाज में होने वाले आर्थिक व्यय का भय भी ना हो।

# प्रेमनगर-क्रोंधा जंगल में जंगली जानवर मारने के लिए बिछाया गया बिजली करेंट?

## वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बेखबर

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



क्रोंधा नदी के पास लम्बे समय से बेजाकब्जा का खेल चल रहा, वन विभाग द्वारा निर्मित डैम किनारे लोगों द्वारा कई एकड़ जंगल काट दिया गया है। ऐसे कई जगह है जहां जेसीबी मशीन लगाकर जंगल को खेत बना दिया गया है। हमारे द्वारा इससे पहले भी समाचार प्रकाशित कर बताण गया था कि ग्रामीणों द्वारा जंगल काटकर जमीन कब्जाने का खेल चल रहा है। समाचार प्रकाशित के बाद भी वन विभाग इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की है। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि ग्रामीणों द्वारा उसी जंगल में बिजली का तार लगाया गया है, और हुकिंग के माध्यम से बिजली खम्बे से जंगल में बिजली बिछाया गया है। करेंट लाने के लिए ग्रामीणों ने पेड़ों टायर लपेटकर तार को जंगल में बिछाया गया है। जबकि धरमजयगढ़ वन मंडल में अब तक करेंट से कई हाथियों की मौत हो चुकी है इसके बाद भी वन विभाग के जमीनी अमला अपने वन क्षेत्र का दौरा नहीं करते हैं जिसके कारण ही ऐसे लोग बिना डर भय के जंगल में बिजली बिछाकर शिकार करते हैं। हम आपको बता दे कि धरमजयगढ़ रेंज के प्रेमनगर, बायसी, क्रोंधा के जंगल में सबसे अधिक हाथी विचरण करते हैं। इस क्षेत्र में दर्जनों हाथी हमेश विचरण करते रहते हैं और इस इलाके में ऐसे खुलेआम करंट तार का बिछा होना वन विभाग पर सवालिया निशान खड़ा करता है? क्या सचमें धरमजयगढ़ वन विभाग हाथियों को लेकर सतर्क नहीं है या फिर जंगली जानवरों के जीने मरने से वन विभाग को कोई फर्क नहीं पड़ता? अवैध तरीके से बिछाये गये बिजली करेंट की चपेट में आकर अगर कोई जंगली हाथी या अन्य कोई जंगली जानवर की मौत हो जाती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा?



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in